रविवार, 31 अगस्त 2025

मौसम

तापमान 26 – 34
आर्द्रता 77%
सूर्योदय: 5:18 सूर्यास्त: 17:56

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ चार, पांच और छः पर

कोलकाता, भाद्रपद शुक्लपक्ष अष्टमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 4.00 रुपये

सुविचार : त्यौहार वह सीढ़ी है जिससे आप मन में उतर सकते हैं और मन से भी।



मिजोरम में देश का दूसरा सबसे ऊंचा रेल ब्रिज बनकर तैयार। पृष्ठ 7

# सात साल बाद चीन पहुंचे पीएम मोदी

## आज राष्ट्रपति चिनफिंग से करेंगे द्विपक्षीय बैठक

**तियानजिन :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चीन की दो दिवसीय यात्रा पर शनिवार को तियानजिन पहुंचे। सात साल से अधिक समय के बाद चीन की उनकी यह पहली यात्रा है, जो ऐसे समय में हो रही है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति को लेकर भारत और अमेरिका के संबंधों में अचानक गिरावट आई है। मोदी मुख्य रूप से शंघाई सहयोग संगठन **(एससीओ)** के 31 अगस्त और एक सितंबर को आयोजित होने वाले वार्षिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए चीन में हैं। हालांकि, उनके रविवार को चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ द्विपक्षीय बैठक करने का भी कार्यक्रम है। मोदी और चिनफिंग की बैठक इसलिए अहम मानी जा रही है, क्योंकि भारत और चीन ट्रंप की टैरिफ नीति से वैश्विक व्यापार में उपजे तनाव के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर विचार कर रहे हैं। बैठक में मोदी और चिनफिंग के भारत-चीन आर्थिक संबंधों का जायजा लेने तथा पूर्वी लद्दाख में सीमा विवाद के बाद रिश्तों में बढ़ी तल्खी को दूर करने के उपायों पर विचार-विमर्श करने की संभावना है। मोदी अपनी दो देशों की यात्रा के दूसरे और अंतिम चरण के तहत जापान से चीन के तियानजिन पहुंचे। उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, चीन के तियानजिन में उतरा हूं। एससीओ शिखर सम्मेलन में विचार-विमर्श और विभिन्न विश्व नेताओं से मुलाकात को लेकर उत्सुक हूं। कलाकारों के एक समूह ने मोदी का होटल में भारतीय शास्त्रीय संगीत और नृत्य की दिलकश प्रस्तुति के साथ स्वागत किया गया। एससीओ शिखर सम्मेलन के दौरान मोदी के रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और कई अन्य नेताओं के साथ द्विपक्षीय वार्ता करने की भी संभावना है। तियानजिन की यात्रा से पहले मोदी ने कहा था कि वैश्विक आर्थिक व्यवस्था में स्थिरता लाने के लिए भारत और चीन का मिलकर काम करना महत्वपूर्ण है।



भारतीय समुदाय ने चीन में पीएम मोदी का किया भव्य स्वागत, भारत माता की जय के लगे नारे

## विवाह प्रमाण पत्र की अनुपलब्धता विवाह को अवैध नहीं बनाती : इलाहाबाद उच्च न्यायालय


**प्रयागराज (उप्र) :** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने अपने एक निर्णय में कहा है कि यह स्थापित कानून है कि विवाह प्रमाण पत्र, उस विवाह को साबित करने का एक साक्ष्य है लेकिन इस प्रमाण पत्र की अनुपलब्धता विवाह को अवैध नहीं बनाती है। इस टिप्पणी के साथ उच्च न्यायालय ने आजमगढ़ की परिवार अदालत के निर्णय को रद्द कर दिया। निचली अदालत ने विवाह पंजीकरण प्रमाण पत्र पेश करने से छूट देने का याचिकाकर्ता का आवेदन खारिज कर दिया था। सुनील दूबे नामक एक व्यक्ति की रिट याचिका स्वीकार करते हुए न्यायमूर्ति मनीष निगम ने कहा कि जब हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 के प्रावधानों के अनुसार हिंदू विवाह संपन्न होता है, तब इस अधिनियम की धारा आठ(एक) के तहत विवाह के साक्ष्य के लिए राज्य सरकार को विवाह पंजीकरण के नियम बनाने का अधिकार है।

## जम्मू-कश्मीर के रियासी, रामबन जिलों में बादल फटने, भूस्खलन से 11 लोगों की मौत

**जम्मू :** पिछले एक पखवाड़े से कई प्राकृतिक आपदाओं का सामना करने के बाद जनजीवन को पटरी पर लाने के लिए जूझ रहे जम्मू-कश्मीर के रियासी और रामबन जिलों में दूरदराज के गांवों में भारी बारिश के कारण बादल फटने और भूस्खलन की दो घटनाओं में एक ही परिवार के सात सदस्यों सहित कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई। केंद्र शासित प्रदेश में 14 अगस्त से बादल फटने और भूस्खलन की कई घटनाएं हुई हैं, जिनमें जम्मू में 130 लोगों की जान चली गई है और 140 लोग घायल हो गए हैं, जबकि 32 तीर्थयात्री अब भी लापता हैं। रियासी जिले में त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर की तीर्थयात्रा शनिवार को पांचवें दिन भी स्थगित रही। कटरा से मंदिर तक के 12 किलोमीटर लंबे घुमावदार रास्ते में मंगलवार को हुए भूस्खलन में 34 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई थी। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने अधिकारियों को स्थिति पर चौबीसों घंटे नजर रखने और जोखिम वाले क्षेत्रों से लोगों को समय पर निकालने का निर्देश दिया है। जम्मू क्षेत्र में इस सप्ताह की शुरुआत में हुई रिकॉर्ड बारिश ने भारी तबाही मचाई है, सैकड़ों संपत्तियों को नुकसान पहुंचा है और दर्जनों सड़कें एवं पुल बह गए हैं, जिससे प्रमुख राजमार्गों पर यातायात बाधित हो गया और रेल यातायात लगभग ठप हो गया।

### ट्रंप को कोर्ट से झटका

## अदालत ने टैरिफ को बताया मनमाना



**वाशिंगटन :** अमेरिका की एक संघीय अदालत ने कहा है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पास लगभग सभी देशों पर भारी-भरकम शुल्क लगाने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है। अदालत ने हालांकि अमेरिकी अर्थव्यवस्था के चारों ओर एक संरक्षणवादी दीवार बनाने के उनके प्रयास को फिलहाल बरकरार रखा। अमेरिकी फेडरल सर्किट अपीलीय अदालत ने अपने फैसले में कहा कि ट्रंप को राष्ट्रीय आपातकाल घोषित करने और लगभग सभी देशों पर आयात कर लगाने की कानूनी अनुमति नहीं है। संघीय अदालत ने न्यूयॉर्क की एक विशेष संघीय व्यापार अदालत के फैसले को मोटे तौर पर बरकरार रखा। न्यायाधीशों ने फैसले में लिखा, ऐसा प्रतीत नहीं होता कि राष्ट्रपति को शुल्क लगाने का असीमित अधिकार देने का संसद का कोई इरादा है। हालांकि न्यायाधीशों ने विभिन्न देशों पर लगाए गए शुल्क तत्काल रद्द नहीं किए और ट्रंप प्रशासन को उच्चतम न्यायालय में अपील करने की अनुमति दी। राष्ट्रपति ने ठीक यही करने का संकल्प जताया है। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया मंच पर लिखा, अगर इसे ऐसे ही रहने दिया गया, तो यह फैसला सचमुच अमेरिका को बर्बाद कर देगा।

### ट्रंप की क्वाड सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए अब भारत यात्रा की योजना नहीं : न्यूयॉर्क टाइम्स

**न्यूयॉर्क :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की इस साल के अंत में क्वाड शिखर सम्मेलन के लिए भारत आने की ''अब कोई योजना नहीं है।'' द न्यूयॉर्क टाइम्स ने शनिवार को अपनी खबर में यह दावा किया। अखबार ने अपनी खबर में सिलसिलेवार बताया है कि कैसे पिछले कुछ महीनों में अमेरिकी नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच संबंध ''बिगड़े'' हैं। अखबार ने ''नोबेल पुरस्कार और एक कठिन फोन कॉल: ट्रंप-मोदी संबंध कैसे बिगड़े'' शीर्षक से प्रकाशित खबर में ट्रंप के कार्यक्रम से परिचित लोगों का हवाला देते हुए कहा, ''मोदी को यह बताने के बाद कि वह इस वर्ष के अंत में क्वाड शिखर सम्मेलन के लिए भारत की यात्रा करेंगे, ट्रंप की अब शरद ऋतु में भारत जाने की कोई योजना नहीं है।''

## पूर्व उपराष्ट्रपति धनखड़ ने राजस्थान में पूर्व विधायक की पेंशन के लिये आवेदन दिया




**जयपुर :** पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राजस्थान विधानसभा में पूर्व विधायक के रूप में पेंशन के लिए आवेदन दिया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। धनखड़ 1993 से 1998 तक किशनगढ़ विधानसभा सीट से कांग्रेस के विधायक रहे थे। वह जुलाई 2019 तक पूर्व विधायक के रूप में पेंशन ले रहे थे। धनखड़ के पश्चिम बंगाल का राज्यपाल नियुक्त होने के बाद यह पेंशन बंद कर दी गयी थी। इक्कीस जुलाई को उपराष्ट्रपति पद से हटने के बाद, धनखड़ ने पूर्व विधायक के रूप में पेंशन की बहाली के लिए राजस्थान विधानसभा सचिवालय में नये सिरे से आवेदन दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सचिवालय ने इस आवेदन पर प्रक्रिया शुरू कर दी है और उनकी पेंशन उपराष्ट्रपति के रूप में उनके इस्तीफे की तारीख से लागू होगी। राजस्थान में पूर्व विधायक के लिए पेंशन एक कार्यकाल के लिए 35,000 रुपये प्रति माह से शुरू होती है तथा अतिरिक्त कार्यकाल और उम्र के साथ बढ़ती जाती है। सत्तर वर्ष से अधिक आयु वालों को 20 प्रतिशत की वृद्धि का लाभ मिलता है। अधिकारियों के अनुसार 74 वर्षीय धनखड़ पूर्व विधायक होने के नाते 42,000 रुपये प्रति माह के हकदार हैं।

## यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के सभी प्रयासों का भारत समर्थन करता है: मोदी ने जेलेंस्की से कहा

**तियानजिन(चीन) :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को फोन पर बातचीत के दौरान यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से कहा कि यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के लिए भारत सभी प्रयासों का समर्थन करता है। मोदी सोमवार को चीन के इस शहर में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन से इतर रूसी राष्ट्रपति पुतिन के साथ व्यापक मुद्दों पर बातचीत करने वाले हैं। इस बातचीत में, यूक्रेन संघर्ष पर भी चर्चा होने की उम्मीद है। जेलेंस्की ने मोदी को फोन किया और रूस के शीर्ष नेतृत्व के साथ बैठक के लिए अपनी तत्परता से अवगत कराया तथा कहा कि युद्ध की समाप्ति तत्काल युद्ध विराम के साथ होनी चाहिए। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भारत यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के लिए आवश्यक प्रयास करने और रूस को उपयुक्त संकेत देने के लिए तैयार है। जेलेंस्की ने मोदी को 18 अगस्त को व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ हुई अपनी बैठक के बारे में भी जानकारी दी। यह बैठक अलास्का में ट्रंप और पुतिन के बीच शिखर वार्ता के तीन दिन बाद हुई थी। वहीं, मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, आज फोन पर बात करने के लिए राष्ट्रपति जेलेंस्की को धन्यवाद। हमने यूक्रेन संघर्ष, उसके मानवीय पहलू और शांति एवं स्थिरता बहाल करने के प्रयासों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। भारत इस दिशा (संघर्ष के समाधान) में सभी प्रयासों को पूर्ण समर्थन देता है।

## सभी के साथ अपनत्व का व्यवहार ही वास्तविक धर्म है: मोहन भागवत



**बिलासपुर :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को कहा कि वास्तविक धर्म सभी के साथ अपनत्व का व्यवहार करने और सभी विविधताओं को सौहार्दपूर्वक आगे बढ़ाने में निहित है। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में आयोजित 'लोकहितकारी काशीनाथ - स्मारिका विमोचन समारोह' में सभा को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा कि आरएसएस की ताकत उन स्वयंसेवकों में निहित है जिन्होंने चुनौतियों के बावजूद संगठन का विस्तार किया है। यह कार्यक्रम बिलासपुर स्थित छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स) के सभागार में आयोजित किया गया था। भागवत ने बिलासपुर में आरएसएस पदाधिकारी रहे स्वर्गीय काशीनाथ गोरे के जीवन और कार्यों पर केंद्रित एक स्मारिका का विमोचन किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा, '' मैं जो कुछ भी कह रहा हूं, या दूसरों ने (समारोह में) जो कुछ भी कहा, वह आज भोजन के बाद भुला दिया जा सकता है लेकिन काशीनाथ जी के कार्यों को हमेशा याद रखा जाएगा। हमारा कर्तव्य है कि हम इस स्मृति को नई पीढ़ी तक पहुंचाएं जिससे यह प्रेरणा देती रहे। जब भी हमें प्रेरणा की आवश्यकता होती है, हम अपने पूर्वजों को याद करते हैं।'' उन्होंने कहा, ''कुछ लोग पूर्वजों के स्मरण को निरर्थक मानते हैं। लेकिन ऐसे लोग भी जब उनका देश संकट का सामना करता है, तो वे समाज के सामूहिक साहस को जगाने के लिए अपने पूर्वजों को याद करते हैं।'' भागवत ने कहा कि वास्तविक 'धर्म' सभी को अपनेपन की दृष्टि से देखना और सभी विविधताओं को सामंजस्यपूर्ण ढंग से आगे बढ़ाना है।

## स्कूल नौकरी घोटाला : एसएससी ने 1,804 दागी शिक्षकों की सूची की जारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** स्कूल सेवा आयोग (बीएसएससी) ने शनिवार को 2016 राज्य स्तरीय चयन परीक्षा (एसएलएसटी) के संबंध में 'दागी' के रूप में पहचाने गए 1,804 शिक्षकों की सूची प्रकाशित की। बता दें कि यह कार्रवाई 28 अगस्त के उच्चतम न्यायालय के निर्देश के बाद की गई है। न्यायालय ने आयोग को एक सप्ताह के भीतर नाम जारी करने का आदेश दिया था। एसएससी के अधिकारियों के अनुसार, इन लोगों को आगामी किसी भी भर्ती परीक्षा में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। स्कूल सेवा आयोग के एक अधिकारी ने बताया कि उच्चतम न्यायालय के निर्देश का पालन करते हुए हम 1,804 दागी उम्मीदवारों की सूची अपलोड कर रहे हैं। नामों को उनके रोल नंबर और सीरियल नंबर के साथ वर्णानुक्रम में व्यवस्थित किया गया है। आयोग के अनुसार, न्यायालय के तीन अप्रैल के फैसले से रद्द की गई 25,753 नियुक्तियों में से 5,303 शिक्षक और गैर-शिक्षण कर्मचारी दागी पाए गए। इनमें से 1,804 शिक्षक हैं। अधिकारी ने बताया कि दागी शिक्षकों की संख्या 15,803 है।

## आज विद्यासागर सेतु रहेगा बंद, हावड़ा में कड़े ट्रैफिक नियम लागू

**कोलकाता, समाज्ञा :** आज हावड़ा में ट्रैफिक व्यवस्था में बड़े बदलाव किए गए है। दरअसल, विद्यासागर सेतु पर मरम्मत कार्य के कारण सुबह 4 बजे से रात 9 बजे तक सेतु पूरी तरह बंद रहेगा। इस दौरान, सेतु पर स्टील पोर्टल बीम लगाया जाएगा और केबल व बेयरिंग बदलने का कार्य होगा। हावड़ा सिटी पुलिस ने शुक्रवार को जारी विज्ञप्ति में बताया कि जनहित के लिए यह कदम उठाया गया है। बता दें कि इससे पहले भी 24 अगस्त को इसी तरह का ट्रैफिक कंट्रोल लागू किया गया था। ट्रैफिक डायवर्जन और वैकल्पिक रूट इस प्रकार है ,कोलाघाट और डानकुनी से आने वाले वाहन विद्यासागर सेतु या कोना एक्सप्रेसवे का उपयोग नहीं कर पाएंगे, इन्हें धुलागढ़-निबरा-सलप मार्ग होते हुए विवेकानंद सेतु की ओर मोड़ा जाएगा। कोलकाता से हावड़ा आने वाले वाहन भी द्वितीय हुगली सेतु का उपयोग नहीं कर सकेंगे। इसके लिए हावड़ा ब्रिज या निवेदिता सेतु का इस्तेमाल करना होगा। कोलाघाट की ओर जाने वाली छोटी गाड़ियां काज़ीपाड़ा, जीटी रोड और अंदुल रोड होते हुए एनएच-16 का रुख कर सकेंगी एवं डानकुनी जाने वाली छोटी गाड़ियां हेंगसांग क्रॉसिंग, आमता रोड और सलप होकर सीसीआर ब्रिज-मैतीपाड़ा जा सकती हैं। इसके अलावा, काज़ीपाड़ा से बाली-जीरो प्वाइंट होते हुए भी डानकुनी जाया जा सकेगा। सांतरागाछी स्टेशन के लिए वैकल्पिक मार्ग की भी व्यवस्था की गई है, सांतरागाछी स्टेशन जाने वाले वाहनों को भी वैकल्पिक रास्तों से जाना होगा। निबरा की ओर से आने वाली छोटी गाड़ियां जगाचा-महियारी रोड का उपयोग कर सकेंगी। वहीं, काज़ीपाड़ा और हेंगसांग क्रॉसिंग से आने वाली गाड़ियों के लिए स्टेशन तक विशेष यातायात व्यवस्था की गई है।

## वायुसेना ने दागे 50 से भी कम अस्त्र, इसी में पाकिस्तान हो गया मजबूर: एअर मार्शल तिवारी



**नयी दिल्ली :** एअर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी ने शनिवार को कहा कि भारतीय वायुसेना द्वारा सावधानीपूर्वक चुने गए पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों पर 50 से भी कम अस्त्र दागे गए और इसी में 10 मई की दोपहर तक इस्लामाबाद को संघर्ष रोकने का अनुरोध करना पड़ा। वायुसेना उप प्रमुख ने मिशन का जिक्र करते हुए कहा कि नौ और दस मई की मध्य रात्रि पाकिस्तान के हमले के बाद किए गए हमलों के साथ भारतीय वायुसेना पाकिस्तानी सेना पर ''पूर्ण प्रभुत्व'' हासिल करने में सक्षम रही। तिवारी ने 'एनडीटीवी डिफेंस समिट' में कहा, ''मैं आपको बताना चाहूंगा कि यह हमारे लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि थी कि 50 से भी कम अस्त्रों में हम पूर्ण प्रभुत्व हासिल करने में सक्षम रहे। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ।'' 'ऑपरेशन सिंदूर' में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले वरिष्ठ वायुसेना अधिकारी ने कहा कि मिशन के दौरान जिन पाकिस्तानी ठिकानों को नष्ट किया गया, उनमें से कुछ ऐसे थे जो 1971 के युद्ध के दौरान भी नष्ट नहीं हुए थे। उन्होंने कहा, ''हमने हर अस्त्र का इस्तेमाल किया और इससे हमारे योजनाकारों तथा मिशन को अंजाम देने वाले लोगों की क्षमता का पता चलता है।'' भारत ने पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में सात मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था, जिसके तहत पाकिस्तान के नियंत्रण वाले क्षेत्रों में आतंकवादी बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया गया था। दोनों देशों के बीच चार दिन तक भीषण झड़पें हुईं, जो 10 मई को सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति के साथ समाप्त हुईं। एअर मार्शल ने कहा कि भारतीय वायुसेना को निर्देश दिया गया था कि दंडात्मक कार्रवाई ''स्पष्ट दिखने वाली'' होनी चाहिए तथा अनेक विकल्पों में से नौ आतंकवादी लक्ष्यों को चुना गया।







## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 31 अगस्त, रविवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, भाद्रपद शुक्लपक्ष अष्टमी, 24:56 तक, नक्षत्र : अनुराधा, 17:17 तक, योग : वैधृति, 15:46 तक, सूर्योदय: 5:18, सूर्यास्त: 17:56, चन्द्रोदय : 12:08, चन्द्रास्त: 22:51, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : सिंह, चन्द्र राशि : वृश्चिक, राहू काल : 16:17 से 17:50

## साप्ताहिक : राशिफल 31-08-25 से 06-09-25



**मेष : चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ :** यह सप्ताह आपके लिए अच्छा रहने वाला है। इस सप्ताह प्रेमी लोगों के रिश्तों में खुशियां आएंगी। उन्हें कमियों को दूर करके आगे बढ़ना चाहिए। वहीं, वैवाहिक जीवन में भी समस्याएं आने की संभावना है इसलिए आप सतर्क रहें। इस सप्ताह आपके पास धन का आवागमन अच्छा रहेगा। आपको शेयर मार्केट से भी अच्छा निवेश करने का मौका मिलेगा। किसी को उधार देने से बचें। करियर के लिहाज से यह सप्ताह कुछ समस्याएं देने वाला है। इस समय पढ़ाई पर फोकस बनाने की कोशिश करनी होगी।



**वृष : ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो :** यह सप्ताह आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। गृहस्थ जीवन को लेकर थोड़ी सावधान रहने की जरूरत है। इस सप्ताह व्यवहार में बदलाव लाने की आवश्यकता है। प्रेमी लोगों को आराम से समस्याओं का समाधान निकालना होगा। नए सप्ताह में आपको मन मुताबिक धन मिलेगा, लेकिन आप खर्चा भी उसी हिसाब से करेंगे। आप मकान या जमीन आदि लेने की भी सोच सकते हैं। करियर को लेकर इस सप्ताह आपको अपनी मेहनत थोड़ी बढ़ानी होगी। इस सप्ताह अपने व्यवसाय में किसी दूसरे को हस्तक्षेप नहीं करने देना है। वहीं, नौकरी में आपको प्रमोशन मिलेगा।




**मिथुन : का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह :** यह सप्ताह आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को इस सप्ताह अपने रिश्ते को लेकर मेहनत करनी होगी इसलिए कोई भी ऐसा काम ना करें, जिससे दिक्कत हो। वैवाहिक जीवन में चल रही समस्याएं समाप्त होंगी और परिवार के सदस्य आपकी पूरी मदद करेंगे। आपको इस सप्ताह धन को लेकर परेशान होने की कोई आवश्यकता नहीं है क्योंकि आपको एक से अधिक स्रोतों से इनकम प्राप्त होगी। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। नौकरीपेशा लोगों को इस सप्ताह प्रमोशन मिलेगा।



**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो :** यह सप्ताह आपके लिए सोच समझ कर चलने वाले है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को इस सप्ताह कुछ अच्छी खबरें मिलेंगी, लेकिन वैवाहिक जीवन में टेंशन बनी रहेगी। इस सप्ताह धन लाभ होने के प्रबल योग हैं लेकिन खर्चों पर लगाम लगानी होगी। इसके साथ-साथ निवेश के बारे में भी सोचेंगे। व्यवसाय में कोई बड़ा इन्वेस्टमेंट भी कर सकते हैं। इस सप्ताह आपको करियर को बेहतर बनाने के लिए आलस्य को छोड़ना होगा और कामों को समय रहते पूरा करना होगा। नौकरी में बदलाव के लिए अभी मत सोचें।



**सिंह : मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे :** यह सप्ताह आपके लिए मध्यमरूप से फलदायक रहेगा। गृहस्थ जीवन के लोगों को नए सप्ताह में अपने जीवनसाथी की भावनाओं का ख्याल रखना होगा। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को इस सप्ताह अपने साथी से मन की बात कहने का समय नहीं मिल पाएगा, इससे परेशान रहेंगे। धन को लेकर नया सप्ताह आपके लिए ठीक-ठाक रहेगा, लेकिन आप अपने खर्चों में भी कमी नहीं करेंगे। बिजनेस कर रहे लोग इस सप्ताह अच्छा लाभ कमाएंगे। काम के साथ-साथ आराम के लिए भी समय निकालें।



**कन्या : ढो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो :** यह सप्ताह आपके लिए खुशियों भरा रहने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को सप्ताह एक-दूसरे को समय देना होगा। गृहस्थ जीवन जी रहे लोगों को अपने जीवन में तालमेल बनाकर चलने की आवश्यकता है। आपकी इनकम इस सप्ताह बढ़िया रहेगी जो आपको खुशी देगी। आपको कोई डूबा हुआ धन भी वापस मिल सकता है। बिजनेस कर रहे लोग इस सप्ताह अच्छा लाभ उठाएंगे। नौकरी में मेहनत अधिक करनी होगी। विद्यार्थी इस सप्ताह किसी कंपटीशन की तैयारी में जुटे रहेंगे।



**तुला : रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते :** यह सप्ताह आपके लिए सामान्य रहने वाला है। प्रेमी लोगों को इस सप्ताह कुछ उलझने रहेंगी। वहीं, गृहस्थ जीवन में आपको कुछ पारिवारिक समस्याओं का सामना करना होगा। धन को लेकर सप्ताह में सोच विचार कर फैसला लें। शेयर मार्केट में निवेश करने वाले लोगों के लिए इस सप्ताह अच्छा साबित होगा। बिजनेस कर रहे लोगों को सप्ताह में सावधानी बरतनी होगी। कोई जोखिम लेना उनके लिए बड़ा नुकसान ला सकता है। कोई डील फाइनल होते-होते अटक सकती है।



**वृश्चिक : तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू :** यह सप्ताह आपके लिए कुछ समस्याएं लेकर आने वाला है। प्रेमी लोगों को अपने रिश्ते को बेहतर रखने के लिए प्रयास करने होंगे। गृहस्थ जीवन में चल रहीं समस्याएं दूर होंगी। इस सप्ताह अपनी इनकम के सोर्स को बढ़ाने की कोशिश में लगे रहेंगे लेकिन आपके सामने कुछ ऐसे खर्चे भी आ सकते हैं जो मजबूरी में ना चाहते हुए भी करने पड़ेंगे। बिजनेस कर रहे हैं लोगों को सप्ताह अच्छा रहने वाला है। आपको किसी प्रॉपर्टी में निवेश करने का मौका मिलेगा। कार्य क्षेत्र में कोई बड़ी उपलब्धि हासिल होने की संभावना है।



**धनु : ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे :** यह सप्ताह आपके लिए सामान्य रहने वाला है। प्रेमी लोगों की खुशियां बढ़ेंगी क्योंकि साथी से कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। शादीशुदा लोगों को सप्ताह अपने लड़ाई-झगड़े में किसी बाहरी व्यक्ति से सलाह लेना नुकसानदेह हो सकता है। इस सप्ताह आपके लिए धन के मामले भी खुशखबरी लेकर आ रहे हैं, लेकिन आप अपने खर्चों का लेखा-जोखा सही से रखें, वरना परेशानी होगी। बिजनेस कर रहे लोगों को इस सप्ताह किसी पर भरोसा करना नुकसानदेह हो सकता है।



**मकर : भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी :** यह सप्ताह आपके लिए असमंजस भरा रहने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोग नए सप्ताह में अपने साथी से खफा रहेंगे और शादीशुदा लोग बहसबाजी ना करें। धन को लेकर इस सप्ताह में आपके खर्च बढ़ने की संभावना है इसलिए आप उन पर पूरा ध्यान दें और जल्दबाजी में कोई फैसला ना लें। किसी नए काम की शुरुआत करने की योजना बना सकते हैं। करियर को लेकर इस सप्ताह थोड़ा सतर्क रहें। बिजनेस में आपको कुछ रुके हुए कामों को पूरा करना होगा। इस सप्ताह आपकी सेहत कुछ कमजोर रहेगी।



**कुम्भ : गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा :** यह सप्ताह आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोग अपने रिश्ते में शक को पैदा करके किसी वाद विवाद को खड़ा कर सकते हैं। गृहस्थ जीवन में आपको परिवार के सदस्यों के साथ-साथ साथी की बातों पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। इस सप्ताह आपको डूबा हुआ धन मिलने की संभावना है। आपको किसी प्रॉपर्टी आदि में निवेश के लिए अनुभवी व्यक्ति की सलाह लेनी चाहिए। करियर के लिए यह सप्ताह सोच विचार से चलने वाला होगा।



**मीन : दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची :** यह सप्ताह आपके लिए सोच विचार विचार का चलने वाला है। वैवाहिक जीवन में इस सप्ताह खुशियां आने की संभावना है। प्रेम जीवन में इस सप्ताह साथी के क्रोध स्वभाव के कारण लड़ाई झगड़े बढ़ेंगे। खर्चो को लेकर इस सप्ताह आपको सचेत रहना होगा। इस समय किसी से कोई लेनदेन बिल्कुल भी ना करें। किसी निवेश से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल करें। व्यवसाय कर रहे लोगों के लिए सप्ताह अच्छा रहेगा। कुछ नए लोग लोगों के साथ मिलकर वह अपने बिजनेस को आगे लेकर जाएंगे। नौकरी में आपको बॉस की सलाह पर पूरा ध्यान देना होगा।

# यूपी सरकार ने रक्षा विनिर्माण इकाइयों को स्थापित करने के लिए 12,500 एकड़ भूमि आवंटित की: योगी आदित्यनाथ

**नोएडा(उप्र) :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि देश में स्थापित किये जा रहे दो रक्षा औद्योगिक गलियारों में से एक उत्तर प्रदेश में विकसित किया जा रहा है और राज्य सरकार ने इसमें रक्षा विनिर्माण इकाइयां स्थापित करने के लिए 12,500 एकड़ भूमि आवंटित की है। मुख्यमंत्री ने नोएडा के सेक्टर 80 में राफे एमफाइबर प्राइवेट लिमिटेड के रक्षा उपकरण और इंजन परीक्षण केंद्र के उद्घाटन के मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में गलियारे को अलीगढ़, कानपुर, आगरा और चित्रकूट समेत छह जिलों में विकसित किया जा रहा है। उन्होंने ब्रह्मोस मिसाइल निर्माण केंद्र को लखनऊ में स्थापित करने के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को धन्यवाद दिया और कहा कि इस मिसाइल प्रणाली ने 'ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अपनी ताकत का प्रदर्शन किया।' मुख्यमंत्री ने कहा, 'भारत 1947 से ही चुनौतियों का सामना कर रहा है और इन




चुनौतियों का स्वरूप निरंतर बदलता जा रहा है। अगर आपके पास शक्ति है, तो दुनिया आपके सामने झुकती है। यह प्राचीन अवधारणा आज भी प्रासंगिक है।' योगी ने भारत के पारंपरिक ज्ञान का हवाला देते हुए कहा, 'शस्त्र और शास्त्र के बीच संतुलन होना चाहिए। एक राष्ट्र इस संतुलन से ही शक्तिशाली बनता है, और शक्तिशाली बनने के बाद ही कोई शांति की अपील कर सकता है।' उन्होंने शक्ति और साहस के महत्व को रेखांकित करने के लिए महाराणा प्रताप की उक्ति, 'वीर भोग्या वसुंधरा' (वीरों को पृथ्वी विरासत में मिलती है) का भी उल्लेख किया। सिंह और योगी ने नोएडा में राफे एमफाइबर रक्षा विनिर्माण केंद्र के उद्घाटन समारोह में भाग लिया।

### बाढ़ प्रभावितों को समय पर भोजन, पानी और स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराई जाए

**गाजीपुर :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को गाजीपुर में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया और अधिकारियों को बाढ़ प्रभावितों को समय पर भोजन, पानी और स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को वाराणसी प्रवास के बाद गाजीपुर जनपद में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हेलीकॉप्टर से हवाई सर्वेक्षण किया। उन्होंने हेलीकॉप्टर से बाढ़ की स्थिति का जायजा लेने के बाद जिला एवं मंडल स्तर के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ प्रभावित लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए हर संभव प्रयास किए जाएं। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि प्रशासनिक अमला सतत निगरानी में रहे और शरणालयों में रहने वाले लोगों को भोजन, पानी और स्वास्थ्य सेवाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि प्रदेश सरकार हर नागरिक के साथ खड़ी है और आपदा की इस घड़ी में किसी को भी घबराने की आवश्यकता नहीं है।

## अयोध्या में राममंदिर में ध्वजारोहण समारोह में राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री हो सकते हैं शामिल



**अयोध्या (उप्र) :** अयोध्या में 25 नवंबर को राम मंदिर में होने वाले ध्वजारोहण समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शामिल होने की संभावना है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के एक सदस्य ने यह जानकारी दी । सूत्रों ने बताया कि राम मंदिर में ध्वजारोहण समारोह के सिलसिले में लगभग 10,000 मेहमानों के लिए व्यवस्था की गई है। यह कार्यक्रम 25 नवंबर को विवाह पंचमी के दिन आयोजित किया जाएगा। इस दिन अयोध्या के मंदिरों में भगवान राम और देवी सीता का विवाहोत्सव भी पारंपरिक रूप से मनाया जाएगा। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के एक सदस्य ने बताया, 'राम मंदिर परिसर में भगवान राम की एक भव्य शोभायात्रा और धार्मिक आयोजनों की योजना बनायी जा रही है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ-साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत के भी इस कार्यक्रम में शामिल होने की संभावना है।' इस समारोह की तैयारियों के लिए, इस सप्ताह के प्रारंभ में मंदिर ट्रस्ट कार्यालय में एक बैठक हुई, जिसमें ट्रस्ट और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ आरएसएस और विहिप के नेता भी शामिल हुए। सूत्रों ने बताया कि बैठक में यह निर्णय लिया गया कि यह समारोह केवल ध्वजारोहण तक ही सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसमें विहिप और आरएसएस की संगठनात्मक शक्ति का भी प्रदर्शन किया जायेगा।

## एक राष्ट्र एक चुनाव' से देश की राजनीति में आएगा आमूलचूल परिवर्तन: सुनील बंसल

**जयपुर :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल ने शनिवार को कहा कि 'एक देश, एक चुनाव' से देश में सामाजिक, आर्थिक और राजनीति में आमूलचूल परिवर्तन आएगा। वह यहां छात्रसंघ प्रतिनिधि सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 'एक देश,एक चुनाव' से देश में सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक बदलाव तो आएगा ही, साथ में, देश विकास की नई इबारत लिखेगा। उन्होंने कहा, 'देश में 1951-52 से 1967 तक चार आम चुनाव एक साथ करवाए गए। इसके बाद राजनीतिक लाभ के लिए इंदिरा गांधी ने देश की राजनीति में अस्थिरता ला दी।' उन्होंने कहा कि 1995 से 2025 तक 30 साल में हर साल देश में कहीं ना कहीं चुनाव हो रहे हैं, कभी



लोकसभा, तो कभी विधानसभा के या फिर कभी पालिका, जिला परिषद या अन्य चुनाव हो रहे हैं। भाजपा पदाधिकारी ने कहा, 'देश के प्रत्येक राज्य में हर साल करीबन 150 से 200 दिन आचार संहिता लगी होने के कारण जनता के विकास कार्य नहीं हो पाते, इतना ही नहीं, देश में कार्य दिवस भी कम हो जाते हैं।'' बंसल ने कहा कि देश में पांच साल में पांच से सात लाख करोड़ रुपए चुनाव करवाने में खर्च किए जा रहे हैं, ऐसे में अगर एक चुनाव से इसका आधा भी खर्च बचाया जाता है तो देश में विकास को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि अगर देश के युवा इसे जन आंदोलन बनाकर इसका समर्थन करते है तो यह संशोधन संभव हो पाएगा और हम सभी विकसित भारत की दिशा में एक कदम आगे बढ़ाएंगे। भारतीय जनता पार्टी की राजस्थान इकाई के अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि एक साथ चुनाव कराने का विचार आजादी के बाद से ही चला आ रहा है। हालांकि, उन्होंने कहा कि बाद में कांग्रेस की नीतियों के कारण देश को राजनीतिक अस्थिरता का सामना करना पड़ा।

## पंजाब में बाढ़: फिरोजपुर में अब तक तीन हजार लोगों को बचाया गया

**फिरोजपुर :** पंजाब में फिरोजपुर के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से अब तक करीब तीन हजार लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सतलुज नदी में उफान के कारण आई बाढ़ से जिले के लगभग 100 गांव बुरी तरह प्रभावित हुए हैं तथा जिला प्रशासन, सेना, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और पंजाब पुलिस चौबीसों घंटे बचाव एवं राहत अभियान चला रही है। उपायुक्त दीपशिखा शर्मा ने कहा, 'जिले भर में राहत शिविर स्थापित किए गए हैं, जहां फिलहाल लगभग 350 लोगों को भोजन और अन्य जरूरी चीजें प्रदान की जा रही हैं।

## झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने भूमि अधिग्रहण विवाद पर आदिवासी एकता का आह्वान किया

**जमशेदपुर :** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने शनिवार को कहा कि आदिवासी समुदाय के नेता अक्टूबर में रांची जिले के नगरी में एक 'आदिवासी महादरबार' का आयोजन करेंगे, जिसमें करोड़ों रुपये के सरकारी स्वास्थ्य संस्थान के लिए भूमि अधिग्रहण के खिलाफ भविष्य की रणनीति तैयार की जाएगी। चंपई सोरेन को इसी मुद्दे पर आदिवासी संगठनों द्वारा 'हल जोतो, रोपा रोपो' नाम से आयोजित विरोध प्रदर्शन के दौरान



कानून एवं व्यवस्था की संभावित समस्या की आशंका के मद्देनजर पिछले रविवार को नजरबंद कर दिया गया था। बीस से अधिक आदिवासी समूहों, किसानों और भूमि मालिकों ने उस स्थल पर आंदोलन में भाग लिया जहां झारखंड सरकार द्वारा 1,074 करोड़ रुपये की रिम्स-2 अस्पताल परियोजना प्रस्तावित की गई है। सरायकेला विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक सोरेन ने एक बयान में कहा, 'एक बार फिर, मैं सरकार को याद दिलाना चाहूंगा कि हमारा विरोध प्रस्तावित रिम्स-2 अस्पताल के खिलाफ नहीं है।

# बिहार से 'वोटर अधिकार यात्रा' रूपी क्रांति शुरू हुई, अब पूरे देश में फैलेगी: राहुल गांधी

**भोजपुर (बिहार) :** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि बिहार से 'वोटर अधिकार यात्रा' रूपी क्रांति शुरू हुई है, जो पूरे देश में फैलने जा रही है। गांधी ने ने अपनी 'वोटर अधिकार यात्रा' के दौरान भोजपुर में आयोजित एक सभा में यह दावा भी किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को 'बिहार का चुनाव चोरी नहीं करने दिया जाएगा।' उन्होंने कहा कि संविधान को बचाने में बिहार के करोड़ों युवाओं ने यात्रा में अपनी ताकत लगाई है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा, 'बिहार से ही क्रांति शुरू होती है। आपने दिखाया कि बिहार से ही यह क्रांति, वोटर अधिकार यात्रा शुरू हुई और



यह पूरे देश में फैलने जा रही है।' उन्होंने कहा, 'यह चोरी सिर्फ आपके वोट की नहीं, बल्कि आपके अधिकार की चोरी है और आपके भविष्य की चोरी है।' राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि नरेन्द्र मोदी, भाजपा और आरएसएस, 'अदाणी और अंबानी की सरकार चलाते हैं,' इसलिए वे चाहते हैं कि गरीबों की आवाज इस देश में नहीं सुनी जाए और दबाई जाए। उन्होंने कहा, 'हमने साफ कह दिया कि पूरे देश में गरीब युवाओं की आवाज गूंजेगी और हम बिहार में एक वोट भी चोरी नहीं होने देंगे।'

### 'वोटर अधिकार यात्रा' में शामिल हुए अखिलेश, भाजपा को हराने का आह्वान

**सारण/ भोजपुर (बिहार) :** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव शनिवार को राहुल गांधी के साथ 'वोटर अधिकार यात्रा' में शामिल हुए और बिहार की जनता का आह्वान किया कि वह 'मगध'(बिहार) में भी उसी तरह भारतीय जनता पार्टी को हराए, जैसे पिछले लोकसभा चुनाव में लोगों ने उसे 'अवध' (उत्तर प्रदेश) में हराया था। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने निर्वाचन आयोग को जुगाड़ आयोग बना दिया है। उन्होंने 'वोटर अधिकार यात्रा' के तहत आरा (भोजपुर) में आयोजित सभा में उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के नतीजों का हवाला देते हुए कहा, हम लोगों ने मिलकर अवध में हराया था, इस बार मगध में भारतीय जनता पार्टी को हराने की जिम्मेदारी आपकी है। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री सारण से इस यात्रा का हिस्सा बने।

### जयपुर में नीट की तैयारी कर रही एक छात्रा ने आत्महत्या करने की कोशिश की

**जयपुर :** राजस्थान की राजधानी जयपुर के कोचिंग संस्थान में नीट परीक्षा की तैयारी कर रही 19 साल की एक छात्रा ने कथित रूप से छत से छलांगकर आत्महत्या करने की कोशिश की लेकिन एक शिक्षक ने उसे ऐसा करने से पहले बचा लिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि यह घटना शनिवार को महेश नगर थाना क्षेत्र में हुई। पुलिस का कहना है कि महेश नगर में 'पीजी' में रहने वाली छात्रा एक कोचिंग सेंटर में नीट परीक्षा की तैयारी कर रही है। दोपहर में वह तीन मंजिला इमारत की छत पर चढ़ गई और कूदने की कोशिश में वहां पर बैठ गई। पुलिस के मुताबिक जैसे ही सड़क पर मौजूद लोगों ने छात्रा को देखा, वैसे ही उन्होंने शोर मचाया तो संस्थान के शिक्षक तुरंत छत पर पहुंच गए। वह कूदने की तैयारी कर रही थी, तभी एक शिक्षक ने उसे पीछे से पकड़ लिया और उन्होंने उसके विरोध करने के बावजूद उसे सुरक्षित रूप से पीछे खींच लिया।

## न्यूज इन ब्रीफ

### पांच साल के बच्चे को पिस्तौल से खेलते समय गोली लगी

**पटना :** पटना के परसा बाजार इलाके में शनिवार को पांच साल का एक बच्चा पिस्तौल से खेलते समय गोली लगने से घायल हो गया। यह जानकारी पुलिस ने दी। सदर के अनुविभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ-द्वितीय) रंजन कुमार ने संवाददाताओं को बताया, 'शनिवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि शिवनगर इलाके में पांच वर्षीय एक बच्चे को एक रिश्तेदार की पिस्तौल से खेलते समय गोली लग गई है।' उन्होंने कहा, 'जब तक पुलिस मौके पर पहुंची, बच्चे के पिता बच्चे को नजदीकी अस्पताल ले जा चुके थे। उसकी मां ने पुलिस को बताया कि यह घटना तब हुई जब बच्चा अपने रिश्तेदार की भरी हुई पिस्तौल से खेल रहा था। गोली उसके जबड़े में लगी।' उन्होंने बताया कि बच्चे की हालत खतरे से बाहर बतायी गई है। एसडीपीओ ने कहा, 'आगे की जांच की जा रही है और हम पिस्तौल बरामद करने की कोशिश कर रहे हैं।' उन्होंने कहा कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है।

### अररिया में संपत्ति विवाद में एक की गोली मारकर हत्या, एक को जलाया

अररिया : बिहार के अररिया जिले में शनिवार को संपत्ति विवाद को लेकर एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई और एक अन्य को आग लगा दी गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। मृतकों की पहचान जय कुमार यादव और नयन यादव के रूप में हुई है। दोनों दूर के रिश्तेदार हैं। अररिया के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अंजनी कुमार ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा,घटना शनिवार तड़के नवटोला धनसौरी गांव में हुई। ग्रामीणों के अनुसार, संपत्ति विवाद को लेकर नयन यादव ने पहले जय कुमार यादव की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद, जय कुमार यादव के रिश्तेदारों ने नयन यादव को जिंदा जला दिया और उसके घर में भी आग लगा दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति पर काबू पाया। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### बलिया रेलवे स्टेशन पर यात्री के पास से 25 लाख रुपये बरामद

**बलिया (उप्र) :** बलिया के सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने एक यात्री के पास से 25 लाख रुपये बरामद किए हैं। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। आरपीएफ निरीक्षक बीके सिंह ने बताया कि रेलवे सुरक्षा बल की टीम ने शुक्रवार शाम को सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन पर एक यात्री के पास से 25 लाख रुपये बरामद किए। यात्री उत्सर्ग एक्सप्रेस ट्रेन में सवार होकर बिहार के छपरा जा रहा था। उन्होंने बताया कि यात्री की पहचान बलिया जिले के बैरिया थाना क्षेत्र के गोहिया छपरा गांव निवासी अक्षय कुमार सोनी के रूप में हुई है। वह बरामद धनराशि को लेकर कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया।

### झारखंड के गिरिडीह में ऑटोरिक्शा पलटने से दो श्रद्धालुओं की मौत, पांच घायल

**गिरिडीह :** झारखंड के गिरिडीह जिले में शनिवार को एक ऑटोरिक्शा के पलट जाने से दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना तिसरी थाना क्षेत्र के हाथीगढ़ा घाटी में हुई। खोरीमहुआ के अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) राजेंद्र प्रसाद ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, 'श्रद्धालु एक धार्मिक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए जमामो माता मंदिर जा रहे थे। तिसरी थाना क्षेत्र में रास्ते में ऑटोरिक्शा पलट गया। उन्होंने बताया कि घायलों को इलाज के लिए धनवार रेफरल अस्पताल ले जाया गया है।

## वर्ग पहेली नं. 3193

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 | ■ | 6 |
| | ■ | 7 | | | | ■ | | ■ | |
| 8 | 9 | ■ | | ■ | 10 | 11 | | 12 | |
| 13 | | ■ | | ■ | ■ | | ■ | | ■ |
| ■ | 14 | 15 | | 16 | ■ | 17 | | | 18 |
| 19 | ■ | | ■ | 20 | 21 | | ■ | ■ | |
| 22 | 23 | ■ | 24 | | | ■ | 25 | | |
| 26 | | 27 | | ■ | 28 | 29 | | ■ | |
| | ■ | | ■ | 30 | | | ■ | 31 | |

***बायें से दायें:-*** 1) एबीसीडी *(लिखाईपढ़ाई)*, 4) स्वस्थ, 7) बाढ़ग्रस्त, 8) वायु, 10) भड़कना, 13) लक्ष्मी, 14) आकर्षक, 17) एक पक्षी, 20) सरकना, 22) पृथ्वी; शोरबा, 24) बकवास, 25) यौवन, 26) धार्मिक ग्रंथ का किया जानेवाला पाठ, 28) इसलामी धर्मसूत्र, 30) असंस्कृत; लल्लू; भोंदू; मूर्ख, 31) *महाभारतीय* धृतराष्ट्र के समान.

***ऊपर से नीचे:-*** 1) सप्ताह का एक दिन, 2) वर्तमान दिन, 3) आवश्यकताग्रस्त, 4) इच्छा, 5) हिसाब, 6) वितरित करना, 9) खत्म; सब, 11) इठलाना, 12) पवन, 15) कागज़ी सिक्का, 16) स्त्री, 18) नरगिस, 19) वारपार; इधर से उधर तक, 21) तेजी से झपटना, 23) पूर्णकृत, 24) शपथ; संकल्प, 25) जोड़फल, 27) कोई और नहीं, 29) गुच्छा; माला.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| छु | इ | मु | ई | ■ | शा | ■ | न | श्री | ला |
| ट | ■ | ■ | मा | ख | न | चो | र | ■ | प |
| का | ला | ध | न | ■ | ■ | क | म | ज़ो | र |
| ■ | ठी | ■ | दा | ■ | औ | र | ■ | ■ | वा |
| ■ | मा | ■ | र | ई | स | ■ | नि | गा | ह |
| सा | र | स | ■ | ■ | त | न्म | य | ■ | ■ |
| ढ़े | ■ | म | ज़ा | क | ■ | ■ | त | म | न्ना |
| सा | य | क | ■ | वि | प | दा | ■ | री | ■ |
| ती | ■ | क्ष | म | ता | ■ | ग़ | म | ज़ | द |

## सुडोकू-पहेली-3150

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | | | | | | | |
| | | 9 | 2 | | | | | |
| | | 1 | | | 4 | | 5 | |
| | | | | 1 | | 9 | | 3 |
| 3 | | | 7 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 1 | |
| | 2 | | | 8 | | | 4 | |
| | 6 | | | | 9 | | 3 | 1 |
| | | 3 | | | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3149 का उत्तर**


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 8 | 3 | 5 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 |
| 1 | 9 | 6 | 4 | 2 | 7 | 3 | 8 | 5 |
| 5 | 4 | 7 | 8 | 3 | 1 | 9 | 2 | 6 |
| 3 | 1 | 5 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 8 |
| 6 | 2 | 4 | 9 | 7 | 8 | 5 | 1 | 3 |
| 8 | 7 | 9 | 1 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 |
| 9 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 6 | 7 | 2 |
| 7 | 6 | 1 | 2 | 8 | 5 | 4 | 3 | 9 |
| 4 | 3 | 2 | 7 | 6 | 9 | 8 | 5 | 1 |

# ADMISSION 2026

## NURSERY - LKG - UKG

## CLASS : I - IX

**LIMITED SEATS**






bindumedia.co.in

*Facilities :*

- ☑ ALL CLASS ROOMS AIR CONDITIONED
- ☑ Air Conditioned Library & Auditorium
- ☑ Interactive Smart Class for Primary Students
- ☑ State of the art Computer, Science & Geography Labs
- ☑ Annual Sports, Debate, Quiz, Dance, Music & Educational Trips
- ☑ Taekwondo, Gymnastic, Yoga, Kabaddi & Cricket
- ☑ NCC
- ☑ Winter Carnival - Week Long Fun-Fiesta, Dance, Music & Games

# SHREE JAIN VIDYALAYA

**GIRLS & BOYS**

*(Under the auspices of Shree S.S. Jain Sabha)*

25/1, Bon Behari Bose Road, **HOWRAH-1**, Ph : 2641 1319, 2637 5851/2210

**Forms available from 1st Sept. 2025**

Download Application Form - Visit School Website : http://sjvhowrah.com **OR** Visit School Office on working days between 9 a.m. & 3 p.m.

# तृणमूल विधायक को 14 दिन की जेल हिरासत, बेटे को देख कोर्ट में फूट-फूटकर रोए विधायक

❑ जीवनकृष्ण साहा ने अदालत में जमानत के लिए नहीं किया आ-वेदन

❑ 'मोबाइल फेंका नहीं, हाथ से था गिरा', पेशी से पहले बोले साहा

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुर्शिदाबाद जिले के बड़ंचा से तृणमूल कांग्रेस विधायक जीवनकृष्ण साहा शनिवार को बैंकशाल अदालत में पेश हुए, जहां अदालत ने 14 दिन की जेल हिरासत में भेजने का आदेश दिया। इस दौरान, वहां भावुक नजारा देखने को मिला। अदालत कक्ष में पत्नी और नाबालिग बेटे को देखते ही साहा की आंखें भर आईं। बेटे को गले लगाकर गाल थपथपाते हुए उन्होंने दुलार किया और कुछ देर खामोश खड़े रहने के बाद रो पड़े। विधायक अब 12 सितंबर तक जेल में ही रहना होगा। शनिवार को तृणमूल विधायक की ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) की छह दिन की हिरासत खत्म हुई। इससे पहले उनका मेडिकल परीक्षण भी कराया गया था। सीजीओ कॉम्प्लेक्स से अदालत लाने के दौरान उन्होंने उस आरोप को खारिज कर दिया कि उन्होंने अपना मोबाइल फोन तालाब में फेंका था। कोर्ट में पेशी के दौरान ईडी की ओर से कहा गया कि साहा से अभी और पूछताछ जरूरी है, इसलिए उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा जाए। ईडी ने अदालत में दावा किया कि साहा ने शिक्षक भर्ती घोटाले से मिले अवैध धन से आलू बांड खरीदे। हालांकि, विधायक ने इस आरोप को पूरी तरह नकार दिया और कहा कि उनकी सारी संपत्ति वैध व्यवसाय से अर्जित है, किसी भी भ्रष्टाचार से उनका कोई संबंध नहीं है। वहीं, साहा के वकील जाकिर हुसैन ने अदालत से जमानत की गुहार नहीं लगाई। उन्होंने दलील दी कि इस मामले में अन्य आरोपियों को पहले ही जमानत मिल चुकी है, मगर साहा को बार-बार अदालत में पेश किया जा रहा है।



दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने विधायक को 14 दिन की जेल हिरासत का आदेश दिया। साहा के वकील ने हिरासत की अवधि घटाने की मांग की, लेकिन अदालत ने उसे खारिज कर दिया। अब विधायक को 12 सितंबर तक जेल में ही रहना होगा।

## कोना एक्सप्रेसवे पर टैंकर चलाने पर रोक, दक्षिण बंगाल में ईंधन संकट की आशंका



**हावड़ा :** दक्षिण बंगाल के पेट्रोल पंपों पर ईंधन की कमी का संकट गहराता जा रहा है। कारण-हावड़ा के मौरीग्राम तेल डिपो से शनिवार सुबह से ही कोई टैंकर बाहर नहीं निकला। टैंकर चालकों और खलासियों के कार्यति (हड़ताल) के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। यदि आंदोलन जारी रहा, तो रविवार से ही कोलकाता समेत विभिन्न जिलों में पेट्रोल-डीजल की गंभीर किल्लत हो सकती है।

दरअसल, दूसरा हुगली पुल और कोना एक्सप्रेसवे की मरम्मत के चलते प्रशासन ने निर्देश दिया है कि तेल टैंकर प्रतिदिन केवल दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक ही इन मार्गों से गुजर सकेंगे। चालकों और मालिकों का आरोप है कि महज चार घंटे में इतनी बड़ी संख्या में टैंकरों का संचालन संभव नहीं है। परिणामस्वरूप टैंकर समय पर गंतव्य तक नहीं पहुंच पा रहे हैं, जिससे भारी नुकसान हो रहा है।

आंदोलनकारियों का कहना है कि पहले केवल सुबह 9 से 11 बजे तक और शाम 6 से 7 बजे तक टैंकर चलाने पर रोक थी। लेकिन अब महज चार घंटे का समय मिलने से तेल ढुलाई लगभग असंभव हो गया है। साथ ही, पुलिस द्वारा जब-तब रोककर चालकों पर भारी जुर्माना लगाया जा रहा है और उन्हें विभिन्न प्रकार से परेशान किया जा रहा है।

वर्तमान में मौरीग्राम डिपो में करीब 300 टैंकर फंसे हुए हैं। प्रतिदिन इस डिपो से लगभग 550 टैंकर तेल की आपूर्ति करते हैं। आंदोलनकारियों ने स्पष्ट किया है कि वे समय सीमा बढ़ाने या पुराने नियम लागू करने की मांग कर रहे हैं। इस संबंध में हावड़ा सिटी पुलिस कमिश्नर और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ टैंकर मालिकों की बैठक होने की संभावना है।

### बेस्ट इन टेक अवॉर्ड्स 2025 के विजेताओं की घोषणा

**कोलकाता, समाज्ञा :** बेस्ट इन टेक अवॉर्ड्स (बीआईटीए) 2025 के विजेताओं की घोषणा कर दी गई है। इन पुरस्कारों में सत्यापित ग्राहक समीक्षाओं, न्यूनतम 4-स्टार रेटिंग, विशेषज्ञ ज्यूरी आकलन और अमेजन पर कम्युनिटी वोटिंग को आधार बनाया गया। इस वर्ष सैमसंग गैलेक्सी एस25 अल्ट्रा को स्मार्टफोन ऑफ द ईयर का पुरस्कार मिला, जबकि एप्पल को मोस्ट ब्राउज्ड स्मार्टफोन का खिताब दिया गया। इसके अलावा, वनप्लस, सोनी, कैनन, एचपी और शाओमी जैसे दिग्गज ब्रांड्स को कैमरा, ऑडियो, कम्प्यूटिंग और एंटरटेनमेंट कैटेगरी में सम्मानित किया गया। अमेजन इंडिया की डायरेक्टर - कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स जेबा खान ने कहा, बीआईटीए उन प्रोडक्ट्स का प्रतिबिंब है जिन्हें वास्तविक प्रदर्शन और ग्राहक संतुष्टि के आधार पर मान्यता मिली है। यह अवॉर्ड्स उपभोक्ताओं और ब्रांड पार्टनर्स दोनों के लिए प्रेरक हैं।

### पश्चिम बंगाल में स्नातक की कक्षाएं शुरू
## पहले चरण में 2 लाख 25 हजार से अधिक छात्र-छात्राओं ने लिया दाखिला

**कोलकाता :** राज्य के कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में स्नातक की कक्षाएं शुरू हो गईं। पहले चरण में 2,25,825 छात्र-छात्राओं ने दाखिला लिया है। इस साल कुल 4,02,557 सीटों के लिए 3,59,768 छात्रों ने आवेदन किया था। इनमें से 2,32,000 से अधिक ने दाखिले में रुचि दिखाई, लेकिन लगभग 7,000 छात्र-छात्राएं दाखिला प्रक्रिया पूरी नहीं कर सके। इसके चलते पहले चरण में करीब 1.8 लाख सीटें खाली रह गईं।

कोलकाता के बंगाबासी कॉलेज में सबसे ज्यादा 1,137 छात्रों ने दाखिला लिया। साउथ कोलकाता के आशुतोष कॉलेज में 3,033 सीटों के मुकाबले केवल 911 छात्रों का दाखिला हुआ। वहीं प्रतिष्ठित लेडी ब्रेबोर्न कॉलेज (86 साल पुराना महिला कॉलेज) की कला और विज्ञान शाखाओं में कुल 629 सीटों में अब तक केवल 235 छात्राओं का ही दाखिला हो पाया है।

सुरेंद्रनाथ कॉलेज में 3,000 से अधिक सीटों के मुकाबले पहले चरण में 1,050 छात्रों ने दाखिला लिया। दाखिले की प्रक्रिया के दौरान करीब 4,000 छात्रों के आवेदन दस्तावेज़ों में गड़बड़ी या अनुपस्थिति के कारण रद्द कर दिए गए, जबकि लगभग 2,000 छात्रों ने स्वयं दाखिला रद्द किया।

खाली पड़ी सीटों को अब अपग्रेडेशन राउंड में भरा जाएगा। पहला अपग्रेडेशन राउंड रविवार से शुरू होगा और 9 सितंबर तक चलेगा।

## मुर्शिदाबाद में साइबर फ्रॉड के लिए बेचे जा रहे फेंके हुए सिम कार्ड, दो भाई गिरफ्तार

**मुर्शिदाबाद :** जिले के बेलडांगा क्षेत्र में साइबर ठगी के लिए इस्तेमाल हो रहे फेंके हुए सिम कार्ड की कालाबाजारी का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने दो सरगना को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दोनों आरोपित बुरहान शेख और आसिफ इकबाल सगे भाई हैं। शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मुर्शिदाबाद जिला पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों के पास से 311 फर्जी सिम कार्ड और चार पुराने कीपैड मोबाइल फोन जब्त किए हैं। बेलडांगा थाने की पुलिस ने शुक्रवार की देर रात झुनका इलाके से मास्टरमाइंड आसिफ इकबाल को दबोचा। उसके बाद, उसके भाई बुरहान शेख को भी गिरफ्तार किया गया। गिरोह इलाके के लोगों से ऑफर पर मिले सस्ते सिम कार्ड इकट्ठा करता था। एक महीने की वैधता पूरी होने के बाद जब लोग इन सिम को फेंक देते थे, तो आरोपित उन्हें इकट्ठा कर जानकारी निकालते और बाद में भारी कीमत पर साइबर जालसाजों को बेच देते थे। दोनों से पूछताछ कर पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इन सिम कार्डों की सप्लाई कहां-कहां होती थी और इसके पीछे और कौन लोग शामिल हैं। पुलिस को शक है कि इससे पहले भी बड़ी संख्या में सिम कार्ड इस नेटवर्क के जरिए बेचे गए हैं। फिलहाल गिरफ्तार दोनों आरोपितों को शनिवार को बहारामपुर अदालत में पेश किया गया।



## पुरुलिया में डायरिया का प्रकोप, एक की मौत, 15 लोग बीमार

**पुरुलिया :** जिले के मानवाजार-1 ब्लॉक के पाथरकाटा इलाके के तांतिघुटु टोला में डायरिया का प्रकोप फैल गया है। अब तक करीब 15 लोग प्रभावित हुए हैं, जबकि डायरिया से पीड़ित 72 वर्षीय लम्बस हेम्ब्रम नामक एक वृद्ध की मौत हो गई है। इस घटना से पूरे क्षेत्र में दहशत फैल गई है।

स्वास्थ्य विभाग की टीम और ब्लॉक प्रशासन के अधिकारी तुरंत गांव पहुंचे और घर-घर जाकर लोगों को जागरूक किया। प्रभावित क्षेत्र से पानी के नमूने एकत्र कर जांच के लिए भेजे गए हैं। साथ ही, पीएचई विभाग की ओर से टैंकरों के माध्यम से पीने का पानी गांव में पहुंचाया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार, पिछले कई दिनों से गांव में डायरिया के लक्षण देखे जा रहे थे। धीरे-धीरे कई लोग अस्पताल में भर्ती होने लगे। वर्तमान में 6 लोग स्थानीय स्वास्थ्य केंद्रों में इलाजरत हैं, जबकि 9 लोगों का इलाज घर पर ही चल रहा है।



मृतक वृद्ध की मौत डायरिया से हुई है या किसी अन्य कारण से, यह पता लगाने के लिए शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। स्थिति पर नजर रखने के लिए ब्लॉक प्रशासन और जनप्रतिनिधि लगातार गांव का दौरा कर रहे हैं।

## चंद्रकोणा रोड पर भीषण सड़क हादसा, एक की मौत व 13 घायल

**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के गरबेता-3 प्रखंड के चंद्रकोणा रोड पर शनिवार की सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 60 पर डुकी इलाके में हुई इस दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि 13 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में से आठ की हालत नाजुक होने के कारण उसे मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पता चला है कि हादसा सुबह के समय हुआ, जब कुछ राजमिस्त्री और मजदूर एक पिकअप वैन में चंद्रकोणा रोड से मेदिनीपुर की ओर जा रहे थे। स्थानीय लोगों के अनुसार, वैन तेज गति से चल रही थी और डुकी इलाके में अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान समीम मंडल के रूप में हुई है। बाकी 13 लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही चंद्रकोणा रोड बीट हाउस की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस और स्थानीय लोगों ने मिलकर घायलों को वैन से बाहर निकाला और उन्हें शालबनी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल ले जाया गया। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। उन्होंने वैन को कब्जे में ले लिया है और चालक से पूछताछ की तैयारी है।

## प्रेमी के साथ मिलकर बच्चे की हत्या, मां और उसके प्रेमी को दस साल सश्रम कारावास की सजा

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रेमी के साथ मिलकर बच्चे की हत्या के मामले में बारासात कोर्ट ने मां और उसके प्रेमी को दस साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। दोषियों के नाम टुम्पा सरदार (28) और जहांगीर मल्लिक (30) उर्फ लालबाबू हैं। बता दें कि दोनों दोषी दत्तपुकुर थाना क्षेत्र में एक ईंट भट्ठे में काम करते थे। वहीं, यह क्रूर घटना घटी। पता चला है कि टुम्पा ने बच्चे को जन्म देने के बाद अपने पति से सारे संबंध तोड़ लिए थे। वह अपने चार साल के बेटे को लेकर प्रेमी जहांगीर के साथ रहने लगी। टुम्पा और जहांगीर ईंट भट्ठे के अंदर एक खपरैल वाले घर में रहते थे। 17 फरवरी, 2018 को आरोप है कि टुम्पा और



उसके प्रेमी ने चार साल के बच्चे की बुरी तरह पिटाई की थी। मामला सामने आते ही ईंट भट्ठे के अन्य मजदूर बच्चे को बचाकर अस्पताल ले गए। लेकिन, डॉक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। दत्तपुकुर थाने की पुलिस ने घटना की जांच शुरू की। घटना की जांच के बाद टुम्पा और जहांगीर को गिरफ्तार कर लिया गया। बारासात न्यायालय के सप्तम अतिरिक्त जिला सत्र न्यायालय में सात वर्षों तक इस मामले की सुनवाई चली। गत 21 अगस्त को दोनों आरोपियों को दोषी ठहराया गया। मामले के सरकारी वकील श्यामल कांति दत्ता ने बताया कि पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ धारा 302 के तहत हत्या और धारा 34 के तहत षड्यंत्र रचने का मामला दर्ज किया था। इसी के तहत आरोप पत्र भी दाखिल किया गया था। लेकिन, बच्चे की पिटाई के मामले में कोई गवाह न मिलने के कारण दोनों को धारा 304 के तहत गैर इरादतन हत्या के मामले में 10 साल कैद और 50,000 रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई। ऐसा न करने पर उन्हें 6 महीने की अतिरिक्त सजा होगी।

## एसपीके जैन फ्यूचरिस्टिक अकादमी को सर्वश्रेष्ठ विद्यालय का खिताब

**कोलकाता, समाज्ञा :** न्यूटाउन स्थित एसपीके जैन फ्यूचरिस्टिक अकादमी को 'बेस्ट इमर्जिंग इंटरनेशनल स्कूल' (सर्वश्रेष्ठ उभरता अंतरराष्ट्रीय विद्यालय) का सम्मान मिला है। यह सम्मान प्रतिष्ठित शैक्षणिक मूल्यांकन संस्था 'सीफॉर एजुकेशन वर्ल्ड सर्वे' द्वारा करवाए सर्वेक्षण के आधार पर अगस्त में प्रदान किया गया है। पूरे भारत में कड़ी स्पर्धा के बीच एसपीके जैन फ्यूचरिस्टिक अकादमी ने 1073 अंकों के साथ 17वां स्थान प्राप्त करके कोलकाता महानगर का गौरव बढ़ाया है। विद्यालय की इस अद्वितीय उपलब्धि से अभिभावकों, शिक्षकों और छात्रों में खुशी और उत्साह का माहौल है। इस उपलब्धि पर श्री श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन सभा के अध्यक्ष सरदारमल कांकरिया ने कहा कि एसपीके जैन फ्यूचरिस्टिक अकादमी की यह उपलब्धि हम सबके लिए गर्व का विषय है। यह सम्मान न केवल संस्था की मेहनत, निष्ठा और समर्पण को दर्शाता है, बल्कि यह भी साबित करता है कि सही दिशा, आधुनिक सोच और उच्च मूल्यों के साथ शिक्षा दी जाए तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सफलता निश्चित है। कांकरिया ने कहा कि हम केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता तक सीमित नहीं हैं, बल्कि चरित्र निर्माण, खेल, कला और तकनीकी विकास के संतुलित संयोजन पर विश्वास रखते हैं। यह सम्मान हमें भविष्य में और ऊंचाइयों को छूने की प्रेरणा देगा।



**ईस्ट इंडिया कंपनी बेहाला पाठक पाड़ा**

### 'उत्कर्ष आरोहण शारद सम्मान' का नया लोगो जारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** 'उत्कर्ष आरोहण शारद सम्मान' ने शनिवार को कोलकाता में आयोजित एक समारोह में नया लोगो जारी किया। आयोजकों ने बताया कि इस वर्ष भी दुर्गा पूजा समितियों को समग्र प्रबंधन, पर्यावरण एवं सामाजिक पहल, भीड़ नियंत्रण, प्रतिमा और पंडाल की कलात्मकता के आधार पर सम्मानित किया जाएगा। संस्था के सदस्य अनुपम मजूमदार ने जानकारी दी कि महालया के अगले दिन से लेकर चतुर्थी तक पहले दौर में श्रेष्ठ पूजा पंडालों का चयन किया जाता है। इस चरण के अंत में कोलकाता की 12 पूजा समितियों को चुना जाता है। फिर, पंचमी के दिन उनमें से 8 पंडालों को नामित किया जाता है और षष्ठी के दिन पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं। इस वर्ष निर्णायक मंडल में प्रसिद्ध कलाकार बिमल कुंडु, सुब्रत गंगोपाध्याय, मधुच्छंदा सेन और अर्पिता प्रधान शामिल हैं। 2025 में कोलकाता की आठ बारोवारी पूजा, हावड़ा की चार पूजा और आस-पास के जिलों की चार पूजा समितियों को यह सम्मान प्रदान किया जाएगा।

### अमेजन इंडिया ने ओणम स्टोर किया लॉन्च, त्योहारों के लिए मौजूद है आकर्षक डील्स

**कोलकाता, समाज्ञा :** अमेजन इंडिया ने फसल, एकजुटता और परंपराओं के त्योहार ओणम के अवसर पर अपना ओणम स्टोर लॉन्च किया है। इस स्टोर में पारंपरिक कसावु साड़ियां, धोतियां, पूजा के सामान, घर की सजावट और रसोई के बर्तन सहित त्योहारों की सभी आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध हैं। ग्राहकों को स्मार्टफोन, इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन, ब्यूटी, किराना और घरेलू जरूरी सामान पर 60% तक की छूट का लाभ मिलेगा। स्टोर में एआई-संचालित शॉपिंग असिस्टेंट रूफस के माध्यम से व्यक्तिगत सुझाव और बेहतर खरीदारी अनुभव भी उपलब्ध हैं। इस दौरान स्मार्टफोन, ओणम साधना के सामान, पारंपरिक पोशाक और त्योहारी एक्सेसरीज पर विशेष ऑफर हैं। घर की सजावट, पूजा सामग्री और रसोई उपकरणों पर भी आकर्षक डील्स मिल रही हैं। अमेजन पे के माध्यम से कैशबैक, प्राइम मेंबरशिप और बैंक ऑफर्स के जरिए खरीदारी और भी लाभकारी बनाई गई है। इसके साथ ही एलेक्सा-संचालित स्मार्ट स्पीकर जैसे उत्पाद त्योहारों का आनंद बढ़ाते हैं। इस पहल से ओणम की असली भावना और त्योहार की खुशियां घर-घर पहुंचेगी।

### गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप ने सेफलॉग लॉन्च किया

**कोलकाता :** औद्योगिक संचालन में डिजिटल परिवर्तन को गति देने के लिए उठाए गए एक रणनीतिक कदम के तहत, गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप के मटेरियल हैंडलिंग इक्विपमेंट बिज़नेस ने सेफलॉग - व्हीकल मॉनिटरिंग सिस्टम लॉन्च किया है। यह एक आधुनिक व उन्नत आईओटी-सक्षम समाधान है, जिसे फोर्कलिफ्ट संचालन में सुरक्षा, दक्षता और विश्वसनीयता को बेहतर बनाने के लिए डिजाइन किया गया है।अनिल लिंगायत, बिजनेस हेड, मटेरियल हैंडलिंग इक्विपमेंट, गोदरेज एंटरप्राइज़ेज ग्रुप ने कहा, 'सेफलॉग मटेरियल हैंडलिंग उद्योग के लिए हमारे संकल्प को दर्शाता है, जिसमें हम स्मार्ट और कनेक्टेड समाधान तैयार करते हैं। यह सिस्टम सक्रिय रखरखाव (प्रोएक्टिव मेंटेनेंस ) को संभव बनाता है, सुरक्षा को बेहतर करता है, और हमारे ग्राहकों को ठोस मूल्य प्रदान करता है।'

## 'ताराचंद का महाराजा' 11वां गणेश चतुर्थी महोत्सव सम्पन्न



**कोलकाता, समाज्ञा :** गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर 26 अगस्त को मध्य कोलकाता के ताराचंद दत्त स्टीट में श्री सिद्धि विनायक सेवा संघ द्वारा आयोजित 'ताराचंद का महाराजा' का 11वां गणेश चतुर्थी महोत्सव के अन्तर्गत श्री गणेश पूजा पंडाल का भव्य उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर सामूहिक रूप से किशन गोस्वामी (विप्र फाऊंडेशन प.बं. के अध्यक्ष), दुर्गा व्यास (राजस्थान ब्राह्मण संघ की अध्यक्ष), सुशील ओझा (विप्र फाऊंडेशन के संस्थापक एवं संयोजक), अनिल दत्त शर्मा (अखिल भारतीय गौड़ ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष), सुनील शर्मा (गौड़ ब्राह्मण सभा के संस्थापक), संजीव मिश्रा (अखिल भारतीय गौड़ ब्राह्मण सभा के सचिव), डॉ. बी. के. शर्मा, पार्षद राजेश सिन्हा, स्मिता बक्सी (पूर्व विधायक), संजय बक्सी (पूर्व विधायक), पियाल चौधरी, महेश शर्मा (पार्षद), विजय उपाध्याय (पार्षद), ओम प्रकाश पोद्दार (पूर्व पार्षद), रामचन्द्र बड़ोपालिया, प्रमोद चांडक, राजू गुप्ता, सुरेन्द्र शर्मा, रमेश लाखोटिया, अनिल शर्मा (बबलू), दुलाल मित्रा, अशोक ओझा, साहिद भाई, विक्रांत सिंह, राहुल जोशी, रीता चौधरी, तपन राय, गोविंदराम अग्रवाल, संदीप सोमानी, आनंद माहेश्वरी, राजगुरु, शिव शर्मा, अरविंद शर्मा, विनीत अग्रवाल, राजेश बड़ोपालिया, विजय ओझा (पार्षद), मीना पुरोहित (पार्षद), सुनील शर्मा, अनिल शर्मा, रवि शर्मा, सुशील ढंड, राजगिरी सिंह, अरुण सेठ, श्रीधर पांडे, बीरेन्द्र शर्मा, सचिन शर्मा, नवल मंडल, राजकुमार व्यास, पवन शर्मा, इरफान अली ताज, उमेश सिंह, प्रेम अग्रवाल, बिमल झुनझुनवाला, बनवारी शर्मा, गिरधारी साव, सजन शर्मा एवं अन्य विशिष्ट अतिथिगणों की उपस्थिति में फीता काटकर पंडाल का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस मौके पर श्री सिद्धि विनायक सेवा संघ के सक्रिय सदस्यों के साथ स्थानीय गणमान्य व्यक्ति व नागरिक भी उपस्थित थे। संघ ने सभी श्रद्धालुओं का धन्यवाद किया, जिनके सहयोग से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। पूजन कार्यक्रम पं. नवीन के सान्निध्य में सम्पन्न हुआ। मंच का सफल संचालन अशोक ओझा ने किया।

## प्रदेश कांग्रेस ने भाजपा कार्यालय के समक्ष किया प्रदर्शन



**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रदेश कांग्रेस के कार्यालय पर गुरुवार को भाजपा और राष्ट्रीय स्वयं सेवक (आरएसएस) के कार्यकर्ताओं द्वारा हमले के प्रतिवाद में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सभापति शुभांकर सरकार के नेतृत्व में विधान भवन स्थित प्रदेश कार्यालय से रैली निकाली गई जो विभिन्न मार्गों से होते हुए कॉलेज स्ट्रीट और सेंट्रल एवेन्यु स्थित भाजपा कार्यालय के पहले पुलिस द्वारा बैरिकेड कर रोक दी गई। कार्यकर्ताओं के पुलिस की धक्का-मुक्की भी हुई। मुख्य रूप से रैली में प्रदीप भट्टाचार्य, प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष व पार्षद संतोष पाठक, अमिताभ चक्रवर्ती, तापस मजूमदार, मो. मुख्तार, रासु दत्ता उप-स्थित थे। इसके साथ आकिब गु-लज़ार, प्रदीप प्रसाद, अजमल खान, माया घोष व अन्य नेतागण उपस्थित थे। इधर, बड़ाबाजार जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भोला यादव के नेतृत्व में जुलूस निकाली गई जो मुख्य रैली में शामिल हुई। रबिंद्र तिवारी, नागेश सिंह, कालीनाथ सिंह, अशफाक अहमद, परवेज खान, सुभाष सिंह, विकास यादव, दीपक सिंह, सचिन सिंह, सुनील चौबे, पंकज सोनकर, राजनारायण मिश्रा, तपन अग्रवाल, मो. सरफराज, हुसैन, आकिब जहूर, शम्मी तिवारी, हबीबुर्रहमान, अनुज कोचर, अजित सिंह, वीरेंद्र खरवार,व अन्य सैकड़ों कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

## कटवा में चुनाव आयोग के नाम पर सर्वेक्षण, एक गिरफ्तार

❑ आरोपी पर व्यक्तिगत जानकारी एकत्र करने का आरोप

**पूर्व बर्दवान :** राज्य में एसआईआर को लेकर मचे हड़कंप के बीच जिले में एक बड़ा गिरोह पकड़ा गया। जिले के कटवा थाने की पुलिस ने चुनाव आयोग से मान्यता प्राप्त एक संस्था के नाम पर घर-घर जाकर सर्वेक्षण करने और व्यक्तिगत जानकारी एकत्र करने के गंभीर आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम हिमाद्री घोष (24) है। वह बर्दवान शहर के श्रीपल्ली इलाके का निवासी है। उसे बर्दवान से गिरफ्तार किया गया। आरोपी को शनिवार को कटवा उपजिला न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कटवा थाने के करजग्राम निवासी अरिंदम मंडल नामक युवक ने कटवा थाने में शिकायत दर्ज कराई। उसने आरोप लगाया कि एक गिरोह पिछले कुछ दिनों से कटवा इलाके के विभिन्न गांवों में घर-घर जाकर व्यक्तिगत जानकारी एकत्र कर रहा है। गिरोह के बाहरी लोग खुद को चुनाव आयोग से मान्यता प्राप्त एक संस्था का कर्मचारी बताते हैं। सर्वेक्षण करने के नाम पर वे सदस्यों के फोटो पहचान पत्र और परिवार की कुछ अन्य जानकारी दर्ज कर रहे हैं। अरिंदम मंडल का दावा है कि जब सर्वे में शामिल लोगों से उनके पहचान पत्र या वैध दस्तावेज़ मांगे गए, तो वे उन्हें नहीं दिखा सके। अरिंदम मंडल ने पुलिस को शक जताया कि यह एक धोखाधड़ी करने वाला गिरोह है। उन्होंने हिमाद्री घोष और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। इसके आधार पर पुलिस ने उस युवक को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार व्यक्ति के पास से एक लैपटॉप और मोबाइल फ़ोन ज़ब्त किया गया है।



## आसनसोल में जंगल से किशोरी का शव बरामद, युवक गिरफ्तार

### दुष्कर्म के बाद हत्या का आरोप

**आसनसोल :** शहर के डामरा इलाके से शुक्रवार को एक किशोरी का शव बरामद होने से सनसनी फैल गई। इस मामले में पुलिस ने राकेश पासवान नामक एक युवक को गिरफ्तार किया है। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि किशोरी राकेश के बुलाने पर ही घर से बाहर निकली थी। फिलहाल, दोनों के संबंधों की जांच की जा रही है। पुलिस ने मृतका की पहचान कर ली है। वह दुर्गापुर के गोपालमठ इलाके की रहने वाली दसवीं कक्षा की छात्रा थी। घर से निकलने के बाद उसका कुछ पता नहीं चल रहा था। शुक्रवार की सुबह आसनसोल दक्षिण थाना क्षेत्र के वार्ड 38 में सात नंबर खोलनमुख खदान के पास पलाशबन इलाके में उसका शव बरामद हुआ। शव मिलने के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। ग्रामीणों का अनुमान है कि किशोरी के साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या की गई और फिर शव को जलाने की कोशिश की गई। कुछ लोगों ने बताया कि शव क्षत-विक्षत अवस्था में था और बेहद नृशंस तरीके से उसकी हत्या की गई है। हालांकि, पुलिस ने मौत के सही कारण पर कुछ भी स्पष्ट नहीं कहा है।

आरोपित को पुलिस रिमांड में लेकर पूछताछ की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि शनिवार को होने वाले पोस्टमॉर्टम की प्रारंभिक रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## आरामबाग पुलिस ने बड़ी डकैती की कोशिश की नाकाम, पांच कुख्यात अपराधी गिरफ्तार

**हुगली :** आरामबाग पुलिस ने षष्ठीपुर इलाके में एक बड़ी डकैती की योजना को विफल करते हुए पांच कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों ने एक बंद पड़े चावल मिल में मशीनों के कीमती पुर्जे चोरी करने की तैयारी की थी। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान अष्टम माद्दुने, समीर विश्वास, आकाश भक्त मंडल, सूनाई विश्वास और प्रशांत दास के रूप में हुई है। ये सभी हुगली और हावड़ा जिले के निवासी हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से डकैती में प्रयुक्त कई सामान भी जब्त किए हैं।

आरामबाग के एसडीपीओ सुप्रभात चक्रवर्ती ने बताया कि यह गिरोह पहले भी षष्ठीपुर समेत कई चावल मिलों से करीब दो लाख रुपये के पुर्जे चोरी कर चुका है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी और सुपाड़ा नौपाड़ा इलाके में खड़ी एक ट्रॉली वैन पर शक होने के बाद तुरंत छापेमारी की गई।



पुलिस ने छापा मारकर पांचों आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ लिया। उनके खिलाफ पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। उधर, आरामबाग महकमा चावल मिल प्रबंधन ने इस कार्रवाई पर पुलिस की सराहना की है।

# दुर्गापूजा में मिलावटी खाना बेचने पर रेस्तरां पर कसी जाएगी नकेल

## विशेष निगरानी में उतरेगा कोलकाता नगर निगम

**कोलकाता :** दुर्गापूजा का पर्व नज़दीक है और इस मौके पर शहर के विभिन्न पंडालों, फुटपाथों और घरों के सामने अस्थायी खाने-पीने के स्टॉल सजते हैं। ऐसे स्टॉलों पर बिकने वाले भोजन में मिलावट रोकी जा सके, इसके लिए कोलकाता नगर निगम का खाद्य प्रसंस्करण विभाग विशेष निगरानी अभियान शुरू करने जा रहा है। अधिकारियों ने साफ



किया है कि जहां भी मिलावटी या निम्नस्तरीय भोजन मिलेगा, वहां कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

नगर निगम ने बताया कि 2024-25 वित्त वर्ष में खाद्य गुणवत्ता नियमों के उल्लंघन के मामलों में 57 व्यवसायियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। उनके पास से लगभग 13 लाख 63 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। इनमें से कई नमूने पिछले साल दुर्गापूजा के दौरान लगे अस्थायी स्टॉलों से ही लिए गए थे।

नगर निगम अधिकारियों का कहना है कि अधिकांश दुकानें नियमों का पालन करती हैं, लेकिन त्योहारों के दौरान बाहर से आए कुछ दुकानदार गुणवत्ता को लेकर ला-परवाह रहते हैं। दुर्गापूजा से कालीपूजा तक शहर के विभिन्न इलाकों में नए स्टॉल खुलते हैं और यहीं सबसे अधिक गड़बड़ी देखने को मिलती है।

डिप्टी मेयर अतिन घोष ने बताया कि यह विशेष अभियान दुर्गापूजा शुरू होने से तीन दिन पहले आरंभ होगा और त्योहार की समाप्ति तक जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि पूरे साल ही निगरानी रहती है, लेकिन पंडालों और अस्थायी स्टॉलों के कारण त्योहार के दिनों में अतिरिक्त सख्ती बरती जाएगी।

# एक कंपनी छोड़ दूसरी नौकरी तलाशने पर बकाया रोकना प्राकृतिक न्याय के खिलाफ : हाई कोर्ट

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता हाई कोर्ट ने एक अहम फैसले में कहा है कि कर्मचारी द्वारा दूसरी नौकरी तलाशना, चाहे वह प्रतिद्वंद्वी कंपनी में ही क्यों न हो, उसका बुनियादी अधिकार है और इसे अनैतिक आचरण नहीं माना जा सकता। अदालत ने साफ किया कि इस आधार पर किसी कर्मचारी के बकाया भुगतान को रोकना प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के खिलाफ है। न्यायमूर्ति शंपा दत्त (पॉल) ने एक कंपनी को आदेश दिया कि वह अपने पूर्व कर्मचारी सुदीप समंता को 1.37 लाख रुपये का ग्रेच्युटी बकाया आठ प्रतिशत साधारण ब्याज के साथ अदा करे। अदालत ने कंपनी की अनुशासनात्मक कार्रवाई और दंड को खारिज करते हुए कहा कि दूसरी नौकरी तलाशना ईमानदारी,



शुचिता या नैतिक मूल्यों के विपरीत नहीं है। अनुशासनिक प्राधिकारी का आचरण शक्ति का दुरुपयोग है और यह पूरी तरह प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के खिलाफ है। बता दें कि कंपनी ने दावा किया था कि समंता प्रतिद्वंद्वी कंपनी के संपर्क में थे और गोपनीय जानकारी साझा कर रहे थे। लेकिन, अदालत ने पाया कि कंपनी अपने आरोपों के समर्थन में कोई ठोस साक्ष्य या कॉल रिकॉर्ड पेश नहीं कर सकी। गवाहों ने केवल इतना कहा कि उन्होंने समंता को किसी दूसरी कंपनी के कर्मचारियों से बातचीत करते देखा। समंता, जिन्होंने 2012 में बतौर तकनीशियन कंपनी ज्वॉइन किया था, 11 अक्टूबर 2022 को बर्खास्त कर दिए गए थे। कंपनी ने आरोप लगाया था कि वह प्रतिद्वंद्वी इकाई को उत्पादन प्रक्रिया और तकनीक से जुड़ी जानकारियां दे रहे थे, जिससे नुकसान हुआ। इस आधार पर कंपनी ने उनकी ग्रेच्युटी रोक ली थी। हाई कोर्ट ने कंपनी की दलीलों को खारिज करते हुए कहा कि अपीलीय प्राधिकारी का आदेश विधिसम्मत और न्यायोचित है। अदालत ने दोहराया कि बिना ठोस सबूत किसी कर्मचारी को अनैतिक आचरण का दोषी ठहराकर उसका बकाया रोकना पूरी तरह अनुचित है।

### राहुल गांधी की 'वोटर अधिकार यात्रा' से ममता बनर्जी ने बनाई दूरी

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी तथा पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की 'वोटर अधिकार यात्रा' के पटना समापन कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगे। पार्टी की ओर से बहरामपुर से सांसद और पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान तथा ललितेश त्रिपाठी को भेजा जाएगा। सूत्रों के मुताबिक, राहुल गांधी ने व्यक्तिगत रूप से ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी को पटना आने का न्योता दिया था और समापन के बाद होने वाले डिनर कार्यक्रम में भी आमंत्रित किया था, लेकिन उन्होंने इस कार्यक्रम में दूरी बनाने का फैसला किया है। बता दें कि राहुल गांधी की 16 दिन की 'वोटर अधिकार यात्रा' एक सितंबर को बिहार की राजधानी पटना में समाप्त होगी। तृणमूल कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व का इसमें शामिल न होना विपक्षी गठबंधन की आंतरिक समीकरणों पर कई सवाल खड़े कर रहा है।

# परीक्षा अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए आज ब्लू और ग्रीन लाइन पर बढ़ी मेट्रो सेवाएं

**कोलकाता, समाज्ञा :** मिसलेनियस सर्विसेज भर्ती (फाइनल) परीक्षा 2023 के परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए आज, 31 अगस्त को कोलकाता मेट्रो की ब्लू लाइन और ग्रीन लाइन पर अतिरिक्त सेवाएं चलाई जाएंगी।

ब्लू लाइन पर सेवाएं सुबह 7:00 बजे से शुरू होंगी और इस दिन 130 की जगह कुल 138 सेवाएं (69 अप और 69 डाउन) संचालित की जाएंगी। महानायक उत्तम कुमार से दक्षिणेश्वर के बीच सुबह 7:00 बजे से 9:00 बजे तक सेवाएं हर 30 मिनट पर और उसके बाद 15-15 मिनट के अंतराल पर उपलब्ध रहेंगी। पहली सेवा सुबह 7:00 बजे महानायक उत्तम कुमार और दक्षिणेश्वर दोनों से ही शुरू होगी, जबकि अंतिम सेवाओं का समय पूर्ववत रहेगा-रात 21:32 बजे शहीद खुदीराम से दक्षिणेश्वर, 21:33 बजे दक्षिणेश्वर से शहीद खुदीराम और 21:44 बजे शहीद खुदीराम से दमदम।

ग्रीन लाइन पर भी इस दिन 104 की जगह 112 सेवाएं (56 अप और 56 डाउन) उपलब्ध होंगी। दोनों दिशाओं में सेवाएं हर 15 मिनट के अंतराल पर मिलेंगी। पहली सेवा सुबह 8:00 बजे हावड़ा मैदान से सॉल्टलेक सेक्टर पांच और 8:02 बजे सॉल्टलेक सेक्टर पांच से हावड़ा मैदान के लिए चलेगी, जबकि अंतिम सेवा रात 21:45 बजे हावड़ा मैदान से और 21:47 बजे सॉल्टलेक सेक्टर पांच से उपलब्ध होगी। वहीं, रविवार होने के कारण येलो लाइन, पर्पल लाइन और ऑरेंज लाइन पर सेवाएं सामान्य रूप से उपलब्ध नहीं रहेंगी।

# बंगाल के लोगों को धोखा दे रही ममता बनर्जी की सरकार : अधीर चौधरी

**कोलकाता, समाज्ञा :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी ने शनिवार को भाजपा और तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधा। साथ ही, उन्होंने एसआईआर पर कहा कि बिहार में मूलरूप से मुस्लिम और दलित के वोट काटे गए हैं। इस दिन, कोलकाता के खिदिरपुर मोड़ पर प्रदेश युवा कांग्रेस की ओर से एक जनसभा का आयोजन किया गया, जिसमें अधीर रंजन चौधरी बतौर मुख्य वक्ता उपस्थित हुए। उन्होंने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर कहा कि हमने बिहार में देखा है कि जिनका नाम चुन-चुन कर काटा गया है, उनमें मूलरूप से मुस्लिम और दलित शामिल हैं।



अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी लोगों के वोट की सुरक्षा के लिए मैदान में उतरे हैं। सबको इस वोट का अधिकार मिलना चाहिए। पूरे देश के नेता बिहार जा रहे हैं, लेकिन मुख्यमंत्री ममता बनर्जी वहां नहीं जाना चाहती हैं, क्योंकि वह राहुल गांधी के सामने फीकी पड़ जाएंगी। उन्होंने कहा कि एक चीज ध्यान में रखि लीजिए, जब राहुल गांधी लड़ते हैं, तब नीति और आदर्श को लेकर लड़ते हैं। ममता की सरकार बंगाल के लोगों को धोखा दे रही है। उन्होंने आगे कहा कि इस देश को कांग्रेस ने आजाद कराया। जब देश आजाद हुआ, उस वक्त 12 प्रतिशत लोग पढ़े-लिखे थे और आज 83 प्रतिशत लोग पढ़े-लिखे हैं। कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि एसआईआर और एनआरसी के नाम पर बंगाल के लोगों को विभाजित करने की राजनीति की जा रही है। ममता बनर्जी हिंदू और मुस्लिम को देखकर बात करती हैं।

# अवैध बेटिंग ऐप्स मामले में ईडी ने टॉलीवुड अभिनेता अंकुश हाजरा को भेजा समन

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने लोकप्रिय बंगाली अभिनेता अंकुश हाजरा को अवैध ऑनलाइन बेटिंग ऐप्स के प्रचार में संलिप्तता के आरोपों पर समन जारी किया है। उन्हें 16 सितम्बर को साल्टलेक स्थित ईडी के सीजीओ कॉम्प्लेक्स दफ्तर में पेश होने के लिए कहा गया है। सूत्रों के मुताबिक, बेटिंग कंपनियां बड़े फिल्मी सितारों और खिलाड़ियों के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल कर अपने ऐप और वेबसाइट को प्रमोट करती हैं। इस तरह के विज्ञापन से आम जनता प्रभावित होती है। आरोप है कि इस प्रचार के बदले सितारों को मोटी रकम दी गई, जिससे करोड़ों रुपये का अवैध लेन-देन हुआ। माना जा रहा है कि इन पैसों को हवाला के



जरिए इधर-उधर किया गया ताकि जांच एजेंसियों की नजर से बचा जा सके। अंकुश हाजरा इस मामले में ईडी की जांच का सामना करने वाले पहले बंगाली अभिनेता हैं। हालांकि, अभी तक उन्होंने इस समन पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। एजेंसी का मानना है कि इन बेटिंग ऐप्स के जरिए करोड़ों रुपये की अवैध कमाई हुई है और अब कई सितारों को कानूनी पचड़ों का सामना करना पड़ रहा है। इसी कड़ी में अब अंकुश हाजरा से भी पूछताछ की जाएगी।

# तेहट्टा में बच्ची की रहस्यमयी मौत, बगल में मिली कीटनाशक की खुली बोतल

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिला के तेहट्टा थाना अंतर्गत कुश्तिया इलाके में एक बच्ची की रहस्यमयी मौत का मामला सामने आया है। पता चला है कि बच्ची घर के अंदर सो रही थी। बाद में, वह बीमार पाई गई। बच्चे के बगल में कीटनाशक की एक खुली बोतल मिली। बच्ची को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन बाद में उसकी मौत हो गई। क्या यह महज एक दुर्घटना थी या कुछ और? पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताया गया है कि शुक्रवार की शाम के बाद डेढ़ साल की बच्ची अपनी मां के साथ घर पर थी। पता चला है कि मां बच्चे को घर के अंदर सुलाने के बाद काम करने के लिए बाहर चली गई थी।



बाद में, महिला ने घर में प्रवेश किया और बच्चे को मुंह से झाग निकलते देखा। इतना ही नहीं, बच्चे के बगल में कीटनाशक की एक खुली बोतल पड़ी थी। बच्ची जल्दी ही बीमार हो गई। मां के रोने की आवाज सुनकर पड़ोसी वहां इकट्ठा हो गए। उसे जल्दी से तेहट्टा उपजिला अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में इलाज के दौरान बच्ची की मौत हो गई। इधर, सूचना पाकर पुलिस अस्पताल पहुंची। लेकिन, कीटनाशक की शीशी बच्चे के पास कैसे पहुंची? पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, बरसात के कारण घर में पिछले कुछ समय से केंचुओं का प्रकोप था। इसीलिए कीटनाशक खरीदकर घर में रखा गया था। शुरुआती अनुमान है कि बच्चा बिना परिवार की जानकारी के जाग गया होगा। उसने किसी तरह कीटनाशक की शीशी पकड़ ली। जैसे ही उसने शीशी का ढक्कन खोलकर मुंह में डाला, हादसा हो गया। कीटनाशक पेट में जाते ही उसके मुंह से झाग निकलने लगा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# हरोआ में दिनदहाड़े सड़क पर कॉलेज छात्रा से छेड़छाड़, दो गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के बशीरहाट के हरोआ थाना इलाके में दिनदहाड़े सड़क पर एक कॉलेज छात्रा से छेड़छाड़ करने के आरोप में 2 लोगों को गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपी हरोआ थाना अंतर्गत कालिकापुर इलाके के निवासी है। बताया गया है कि गत शुक्रवार की दोपहर के बाद युवती कॉलेज से घर लौट रही थी। तभी, तीन युवकों ने खाली सड़क पर कॉलेज छात्रा का रास्ता रोक लिया। आरोप है कि युवकों ने युवती को अश्लील इशारे और आपत्तिजनक टिप्पणियां करनी शुरू कर दीं। यह भी आरोप है कि उसके साथ छेड़छाड़ की गई। युवती अपनी जान बचाने के लिए चीखने लगी। उसके चिल्लाने पर जब स्थानीय लोग इकट्ठा हुए, तो तीनों युवक इलाके से भाग



गए। युवती ने घर जाकर अपने परिवार वालों को घटना की जानकारी दी। रात में ही परिवार ने हरोआ थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की। दो आरोपी युवकों को कालिकापुर और शंकरपुर इलाकों से गिरफ्तार किया गया। जांचकर्ता गिरफ्तार लोगों से पूछताछ कर रहे हैं और तीसरे आरोपी की तलाश कर रहे हैं। गिरफ्तार किए गए लोगों को शनिवार को बशीरहाट उपजिला न्यायालय में पेश किया गया।

# राज्य में एसआईआर परिपक्व लोकतंत्र के लिए महत्वपूर्ण कदम : सुकांत मजूमदार


**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व भाजपा अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि भाजपा चाहती है कि इसका सही ढंग से क्रियान्वयन हो। उन्होंने कहा कि करीब 22-23 साल पहले पश्चिम बंगाल में एसआईआर लागू किया गया था और अब इसे फिर से लागू किया जा रहा है। एक परिपक्व लोकतंत्र के लिए एसआईआर जैसे सुधार समय-समय पर आवश्यक हैं ताकि अवांछित नाम, यानी गैर-भारतीय नागरिकों के नाम, मतदाता सूची से हटाए जा सकें। यह प्रक्रिया लोकतंत्र को स्वस्थ और मजबूत रखने के लिए जरूरी है। बिहार में 'वोटर अधिकार यात्रा' के दौरान प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ टिप्पणियों को सुकांत मजूमदार ने अपमानजनक बताया।



उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल पूरी तरह से अनुचित और निंदनीय है। मुझे लगता है कि राजद, कांग्रेस या टीएमसी की ओर से पीएम मोदी के खिलाफ दिया गया बयान उनकी हताशा को दर्शाता है। इसके साथ ही सुकांत मजूमदार ने टीएमसी नेताओं कल्याण बनर्जी और महुआ मोइत्रा पर टिप्पणी करते हुए कहा कि यह टीएमसी का आंतरिक मामला है और भाजपा को इससे कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने कहा कि वे चाहे लड़ें, झगड़ें या कुछ भी करें, हमें इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। केंद्रीय मंत्री ने भारत की आर्थिक प्रगति पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था उम्मीदों से कहीं अधिक तेजी से बढ़ रही है और यह रिजर्व बैंक के अनुमानों को भी पीछे छोड़ रही है। सुकांत मजूमदार ने विश्वास जताया कि भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। वैश्विक मंच पर भारत की प्रगति को सभी देख रहे हैं और यह देश के लिए गर्व का विषय है। भाजपा सरकार सुशासन और विकास के लिए प्रतिबद्ध है। हमारी सरकार का लक्ष्य देश को मजबूत और समृद्ध बनाना है।

# प्रेमी की शादी की खबर सुनकर बासंती में नाबालिग प्रेमिका ने लगाई फांसी

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना के बासंती ब्लॉक के भारतगढ़ इलाके में शनिवार को यशोदा विद्यापीठ की 17 वर्षीय छात्रा ने आत्महत्या कर ली। परिजनों का आरोप है कि प्रेमी की बेवफाई और अचानक दूसरी महिला से शादी कर लेने की खबर मिलने के बाद छात्रा ने यह कदम उठाया। इस घटना से पूरे इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है। सूत्रों के अनुसार, उसका कालीडांगा ईदगाह मैदान क्षेत्र के एक युवक के साथ लंबे समय से प्रेम संबंध था। परिजनों का कहना है कि युवक ने छात्रा से विवाह का वादा किया था। लेकिन कुछ दिन पहले छात्रा को पता चला कि उसका प्रेमी अचानक किसी और से शादी कर चुका है। इस धोखे और मानसिक आघात को वह बर्दाश्त



नहीं कर पाई और शनिवार को अपने घर में फांसी लगा ली। पड़ोसियों का कहना है कि छात्रा पढ़ाई में होनहार और स्वभाव से शांत थी। कम उम्र में उसकी मौत से पूरा गांव सदमे में है। घटना की सूचना मिलते ही बासंती थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस की प्रारंभिक जांच में प्रेम संबंध में धोखा ही आत्महत्या की मुख्य वजह मानी जा रही है, हालांकि अन्य पहलुओं पर भी जांच की जा रही है।

# श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट करने जा रहा राष्ट्रीय हिंदी कविता प्रतियोगिता का आयोजन

- **सर्वश्रेष्ठ कविता को प्रथम पुरस्कार के रूप में एक लाख रुपये दिए जाएंगे, द्वितीय पुरस्कार 50 हजार का**
- **कविता भेजने की अंतिम तिथि सात सितंबर है**

**कोलकाता :** हिंदी भाषा और साहित्य को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट (एसएमपी), कोलकाता राष्ट्रीय स्तर का एक बड़ा हिंदी काव्य प्रतियोगिता का आयोजन करने जा रहा है। एसएमपी कोलकाता के उपाध्यक्ष सम्राट राही, आइआरएस ने बताया कि यह प्रतियोगिता न केवल हिंदी साहित्यप्रेमियों को एक अनूठा मंच प्रदान करेगी, बल्कि देशभर के प्रतिभाशाली कवियों को अपनी रचनात्मकता व्यक्त करने का शानदार अवसर भी है। उन्होंने बताया कि देशभर से कोई भी व्यक्ति इसमें हिस्सा ले सकता है। इस प्रतियोगिता की सबसे विशेष बात यह है कि प्रतिभागियों को अपनी कविता को अधिकतम तीन से पांच मिनट तक के वीडियो प्रारूप में रिकार्डिंग कर इसे आधिकारिक लिंक



माध्यम से अपलोड कर आनलाइन भेजना होगा। कविता भेजने की अंतिम तिथि सात सितंबर है। राही ने बताया कि प्राप्त कविताओं में से चुनी गई शीर्ष 100 कविताओं का प्रसारण 14 सितंबर को हिंदी दिवस के अवसर पर भव्य समारोह में किया जाएगा। ये कविताएं कम से कम पांच घंटे तक लगातार प्रसारित की जाएगी, जो एक अद्वितीय सांस्कृतिक आयोजन होगा। समारोह में देश के सर्वश्रेष्ठ कवि भाग लेंगे और अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। उन्होंने बताया कि काव्य प्रतियोगिता के विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे। इसमें सर्वश्रेष्ठ चुनी जाने वाली कविता को प्रथम पुरस्कार के रूप में एक लाख रुपये दिए जाएंगे। द्वितीय पुरस्कार 50 हजार रुपये का है जबकि तृतीय पुरस्कार 25 हजार रुपये का है। राही ने बताया कि एसएमपी पहली बार इस तरह का राष्ट्रीय हिंदी काव्य प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है।

प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु प्रतिभागी भारतीय नागरिक होना चाहिए तथा उसकी आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए।

केवल मौलिक हिंदी कविताओं को ही स्वीकार किया जाएगा।

कविता में किसी प्रकार की राजनीतिक/सांप्रदायिक टिप्पणी अथवा अशोभनीय शब्दों का प्रयोग वर्जित है। कविता अधिकतम पांच मिनट की होनी चाहिए। प्रतियोगिता के परिणाम में आयोजक समिति का निर्णय अंतिम और मान्य होगा।

## दो लोकप्रिय एक्सप्रेस ट्रेनों में जोड़े गए अतिरिक्त एसी कोच

**कोलकाता, समाज्ञा :** रेलवे ने यात्रियों के बेहतर सफर अनुभव को सुनिश्चित करने के लिए दो लोकप्रिय एक्सप्रेस ट्रेनों में अस्थायी रूप से अतिरिक्त कोच जोड़ा है। इसके तहत, मदार जंक्शन-कोलकाता-मदार जंक्शन साप्ताहिक एक्सप्रेस (19608/19607) में एक अतिरिक्त एसी-2 टियर कोच जोड़ा जाएगा। मदार जंक्शन से यह कोच 01 सितंबर से 29 सितंबर तक (निर्धारित दिनों में) और कोलकाता से 04 सितंबर से 02 अक्टूबर तक (निर्धारित दिनों में) उपलब्ध रहेगा। इसके बाद यह ट्रेन 21 कोचों की बजाय 22 कोचों के साथ चलेगी। साथ ही अजमेर-सियालदह-अजमेर एक्सप्रेस (12988/12987) में एक अतिरिक्त एसी-1 क्लास कम एसी-2 टियर कोच जोड़ा जाएगा। अजमेर से यह कोच 01 सितंबर से 30 सितंबर तक और सियालदह से 02 सितंबर से 01 अक्टूबर तक संचालित रहेगा। इस ट्रेन में भी कुल कोचों की संख्या 22 हो जाएगी।

## प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर हमले के आरोप में तीन गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रदेश कांग्रेस के मुख्यालय पर हुए हमले के सिलसिले में शनिवार को तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मुख्य आरोपियों में से एक संतोष राजवा को उसके दो साथियों के साथ राहुल गांधी की तस्वीरों पर कथित तौर पर कालिख पोतने, तख्तियों और तोरणों को फाड़ने और घटनास्थल पर मौजूद लोगों को धमकाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि तीनों आरोपी अन्य समर्थकों के साथ सीआईटी रोड स्थित कार्यालय के बाहर टायर जलाने और परिसर में घुसने की कोशिश में भी शामिल थे। पुलिस के मुताबिक, वह मुख्य आरोपी भाजपा के स्थानीय नेता राकेश सिंह और कांग्रेस की शिकायत में नामित अन्य लोगों की तलाश कर रही है। अधिकारी ने कहा कि हम प्रकरण की जांच कर रहे हैं। राकेश सिंह तथा अन्य को पकड़ने की कोशिश की जा रही है।

## हुगली जिले में पूर्व सैनिकों के लिए नई ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक का उद्घाटन




**हुगली :** हुगली जिले के आरामबाग में पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के लिए शनिवार को नई पूर्व सैनिक योगदान स्वास्थ्य योजना (ईसीएचएस) पॉलीक्लिनिक का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर ब्रिगेडियर आशीष हूडा, एसएम, स्टेशन कमांडर, बैरकपुर मिलिट्री स्टेशन ने उद्घाटन किया। यह पहल सशस्त्र बल स्वास्थ्य देखभाल योजना के विस्तार का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य पूर्व सैनिकों के लिए सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। इस पॉलीक्लिनिक के माध्यम से हुगली जिले में बसे लगभग 8,000 पूर्व सैनिक और उनके आश्रित सभी मूलभूत स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे। इसमें जनरल ओपीडी, मेडिकल ओपीडी, डेंटल ओपीडी, फिजियोथेरेपी और बेसिक लैब सेवाएं उपलब्ध हैं और इसे आधुनिक उपकरणों से लैस किया गया है। इस पहल से पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के लिए क्षेत्र में स्वास्थ्य देखभाल को और मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण मील का पत्थर स्थापित हुआ है।

# टॉलीगंज में छत से गिरकर वृद्ध की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण कोलकाता के टॉलीगंज स्थित म्योर एवेन्यू में शनिवार की सुबह एक वृद्ध की मौत हो गई। प्रारंभिक जांच में वृद्ध की मौत को इमारत की छत से गिरना बताया जा रहा है। हालांकि, मौत के कारण को लेकर पुलिस जांच में जुट गई है। मृतक की पहचान मोहन भगवत (60) के रूप में की गई है। परिवार और लोगों के अनुसार, इस दिन, सुबह में मोहन छत पर कबूतरों को दाना खिलाने गए थे। तभी, अचानक छत से किसी भारी वस्तु के गिरने जैसी आवाज सुनाई दी। शोर सुनकर परिवार और अन्य निवासी दौड़कर नीचे पहुंचे, जहां उन्होंने मोहन को रक्तरंजित अवस्था में जमीन पर पड़ा पाया। उन्होंने तुरंत उसे एमआर बांगुर अस्पताल ले गये, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूत्रों के अनुसार, मृतक लंबे समय से बीमार चल रहे थे और इस कारण मानसिक अवसाद से भी जूझ रहे थे। पुलिस का मानना है कि यह आत्महत्या भी हो सकती है।

हालांकि, इस संभावना से भी इनकार नहीं किया जा रहा कि किसी ने उन्हें धक्का देकर नीचे गिराया हो। रिजेंट पार्क थाने की पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। प्राथमिक स्तर पर यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि मोहन की मौत दुर्घटनावश हुई या इसके पीछे किसी की साजिश है।

पुलिस ने आवास परिसर और आसपास के सीसीटीवी की फुटेज खंगाल रही है। फुटेज के आधार पर घटना की सच्चाई सामने लाने का प्रयास किया जा रहा है।

## आसनसोल के कुल्टी में निगमकर्मी की गोली मारकर हत्या, संपत्ति विवाद की गहरी आशंका

**आसनसोल :** आसनसोल के कुल्टी में निगमकर्मी की हत्या के पीछे संपत्ति विवाद की आशंका जताई जा रही है। मृतक के परिवार का आरोप है कि बड़े भाई, बहन और उसके पति के बीच संपत्ति संबंधी विवाद के कारण ही यह हत्या हुई। नियामतपुर फाड़ी से महज 300 मीटर दूर गोलीबारी की इस घटना से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस ने अब तक एक व्यक्ति को गिरफ्तार और तीन को हिरासत में लिया है। गिरफ्तार युवक मृतक का चचेरा भाई बताया जा रहा है। मृतक जावेद बारिक आसनसोल पुर निगम के कुल्टी बरो ऑफिस का अस्थायी कर्मचारी था। शुक्रवार रात करीब साढ़े दस बजे बाइक पर सवार दो बदमाश आए और नज़दीक से जावेद पर गोली चला दी। उसके सिर पर एक राउंड गोली मारी गई, जिससे अस्पताल ले जाने पर उसकी मौत हो गई। घटनास्थल से एक खोखा बरामद हुआ। पुलिस का कहना है कि 7 एमएम पिस्तौल से फायरिंग की गई। परिवार के अनुसार, जावेद के पिता अब्दुल बारिक जलपाईगुड़ी के रहने वाले और पेशे से शिक्षक थे। वहीं उनकी कुछ संपत्ति थी, जिस पर कथित तौर पर जावेद की बहन और उसके पति ने फर्जी कागजात बनाकर कब्जा कर लिया था। इस मुद्दे पर पिछले 9-10 महीनों से विवाद जारी था। आरोप है कि बहन ने नियामतपुर में भी जावेद के घर पर दो बार हमला किया और उसे जान से मारने की धमकी दी थी। शुक्रवार की घटना के बाद मृतक के परिजनों ने बहन और उसके पति पर हत्या का आरोप लगाया। इसी आधार पर जांच शुरू हुई और नियामतपुर पुलिस ने वेश्यालय इलाके से तीन लोगों को पकड़ा, जबकि इंतिकाफ आलम नामक एक युवक को औपचारिक रूप से गिरफ्तार किया गया। यह युवक मृतक का चचेरा भाई है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने इलाके में बढ़ते अपराध और सुरक्षा की कमी पर चिंता जताई है।

**बैण्डल और कटवा के बीच एक जोड़ी ट्रेन रद्द**

रात के समय ट्रैक रखरखाव कार्य के लिए, हावड़ा मंडल के बैण्डल-कटवा शाखा में नवद्वीप धाम और पूरबस्थली स्टेशनों के बीच अप बैण्डल-अजीमगंज-कटवा लाइन पर प्रति रात **03 घंटे (02:10 बजे से 05:10 बजे तक) ट्रैफिक ब्लॉक 02.09.2025 (मंगलवार) से 09.09.2025 (मंगलवार)** तक 8 दिनों के लिए आवश्यक होगा। फलस्वरूप, **37741 बैण्डल - कटवा लोकल और 37742 कटवा - बैण्डल लोकल** ट्रेनें 02.09.2025 (मंगलवार), 03.09.2025 (बुधवार), 04.09.2025 (गुरुवार), 05.09.2025 (शुक्रवार), 06.09.2025 (शनिवार), 07.09.2025 (रविवार), 08.09.2025 (सोमवार) और 09.09.2025 (मंगलवार) को **रद्द** रहेंगी। **टिप्पणी:** ब्लॉक अवधि के दौरान विशेष या विलंब से चलने वाली ट्रेनों को, यदि कोई हो, उचित रूप से नियंत्रित/मार्गांतरित किया जाएगा। यात्रियों से अनुरोध है कि वे स्टेशनों की सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली का पालन करें। असुविधा के लिए खेद है।

**मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा**

पूर्व रेलवे

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter

# 'छात्रा की आत्महत्या से जुड़े यौन उत्पीड़न और ब्लैकमेल के आरोपों की जांच करे पुलिस'

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता हाई कोर्ट ने पुलिस को मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस के 23 वर्षीय एक छात्र की मौत से जुड़ी परिस्थितियों की जांच करने का निर्देश दिया है। पीड़िता के पिता, जो एक पुलिस अधिकारी भी हैं और वर्तमान में चंडीगढ़ में तैनात हैं, ने कलकत्ता हाई कोर्ट में एक रिट याचिका दायर कर अपनी बेटी की अप्राकृतिक मौत की गहन जांच की मांग की। यह कहा गया कि संदिग्ध परिस्थितियों में हुई घटना ने पिता को 03/07/2023 को आईपीसी की धारा 306 के तहत शिकायत दर्ज करने के लिए प्रेरित किया। हालांकि, बार-बार फॉलो-अप के बावजूद, स्थानीय अधिकारियों द्वारा कोई ठोस प्रगति नहीं की गई।

कहा जाता है कि याचिकाकर्ता ने एक स्वतंत्र जांच की और ब्लैकमेल के दावों और अपनी बेटी से जुड़े एक अंतरंग वीडियो के कथित प्रसार का खुलासा किया। पुलिस की निष्क्रियता से गुस्साए पिता ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया और मामले की निष्पक्ष और समयबद्ध जांच की मांग की। एकल न्यायाधीश



ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर विचार करते हुए, जिसने पीड़िता पर किसी भी यौन हमले की धारणा को खारिज कर दिया, हलफनामों का आदान-प्रदान करने का निर्देश जारी किया। उक्त आदेश से व्यथित होकर रिट याचिकाकर्ता ने खंडपीठ के समक्ष अपील दायर की।

जस्टिस देबांगसु बसाक और जस्टिस मोहम्मद शब्बर रशीदी की खंडपीठ ने दलीलें सुनने के बाद कहा कि पुलिस ने केवल आईपीसी की धारा 306 के तहत मामले की जांच की है। यह देखा गया कि भले ही पीड़िता की मां का बयान था कि उसका यौन उत्पीड़न किया गया था, जिसे रिकॉर्ड किया गया था और उसे ब्लैकमेल करने के लिए इस्तेमाल किया गया था, पुलिस ने उस तर्ज पर जांच नहीं की। तदनुसार, अदालत ने निर्देश दिया, ऐसी परिस्थितियों में, पुलिस मामले की जांच करेगी। पुलिस अपीलकर्ता और उसकी पत्नी के सीआरपीसी की धारा 164 के तहत दर्ज बयान के आधार पर बीएनएस के प्रासंगिक प्रावधानों को जोड़ेगी, साथ ही केस डायरी में अन्य सामग्रियों को भी जोड़ेगी। चूंकि इस मामले की सुनवाई पहले से ही एकल पीठ द्वारा की जा रही थी, इसलिए अदालत ने इस संबंध में कोई आदेश पारित नहीं किया।

## पत्नी और ससुर की हत्या के मामले में दामाद को आजीवन कारावास की सजा

**कोलकाता, समाज्ञा :** बारुईपुर फास्ट ट्रैक कोर्ट ने शनिवार को पत्नी और ससुर की हत्या के दोषी दामाद के सजा का ऐलान किया। न्यायाधीश कृष्णेंदु सरकार ने आरोपी रमेश पंडित को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 10,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है। इसके अलावा, अदालत ने सबूत नष्ट करने के आरोप में रमेश को छह साल के कठोर कारावास और 5,000 रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न देने पर उसे छह महीने और जेल की सजा काटनी होगी। उल्लेखनीय है कि छह साल पहले, पेशे से दर्जी रमेश ने सुभाषग्राम के सुकांता सारणी निवासी बासुदेव गंगोपाध्याय की बेटी सुमिता गंगोपाध्याय से शादी की थी। शादी के बाद रमेश अपनी मां के साथ ससुराल में रहने लगा। लॉकडाउन के दौरान युवक की नौकरी चली गई। तब से परिवार में अशांति शुरू हो गई। अशांति के बीच, रमेश ने अपने ससुराल वालों पर अपने घर को अपने नाम पर पंजीकृत करने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। दबाव न झेल पाने के कारण, बासुदेव गंगोपाध्याय ने घर बेचकर जाने का फैसला किया। फिर, 11 जुलाई, 2020 को हत्या की घटना घटी। जांच के बाद, सोनारपुर पुलिस ने रमेश और उसकी मां दोनों को गिरफ्तार कर लिया। मुकदमे के दौरान दोनों जेल में बंद थे। एक आरोपी अंजलि देवी की मामले के दौरान सुधार गृह में मृत्यु हो गई। बताया गया है कि इस हत्याकांड में कुल 26 लोगों की गवाही हुई थी। उसके आधार पर शनिवार को रमेश पंडित को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई।

## शहीद खुदीराम और महानायक उत्तम कुमार स्टेशनों के बीच आज दोपहर तक मेट्रो सेवाएं रहेंगी बंद

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता मेट्रो की ब्लू लाइन पर आज, 31 अगस्त 2025 को शहीद खुदीराम और महानायक उत्तम कुमार स्टेशनों के बीच मेट्रो सेवाएं दोपहर 15:40 बजे तक उपलब्ध नहीं रहेंगी। यह कदम शहीद खुदीराम स्टेशन पर रेक रिवर्सल सुविधा कार्य के लिए उठाया गया है। मेट्रो सेवाएं शहीद खुदीराम स्टेशन से दोपहर 15:40 बजे से पुनः शुरू होंगी। इस बीच, महानायक उत्तम कुमार से दक्षिणेश्वर तक की ब्लू लाइन सेवाएं सामान्य रूप से सुबह 7:00 बजे से संचालित की जाएंगी।

## कॉग्निजेंट के सीईओ रवि कुमार एस. को 2025 टाइम 100 एआई सूची में किया गया शामिल



**कोलकाता, समाज्ञा :** कॉग्निजेंट ने घोषणा की है कि उनके सीईओ रवि कुमार एस. को 2025 की टाइम 100 एआई सूची में शामिल किया गया है। यह सम्मान उनके दूरदर्शी नेतृत्व और एंटरप्राइज एआई के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान को मान्यता देता है। टाइम 100 एआई सूची दुनिया के उन प्रभावशाली नेताओं, विचारकों और वैज्ञानिकों को उजागर करती है, जो आज के एआई परिदृश्य को आकार दे रहे हैं। कुमार के नेतृत्व में, कॉग्निजेंट ने 2023 में 1 बिलियन डॉलर की योजना के साथ एंटरप्राइज एआई को गति दी और अपनी सिनैप्स स्किलिंग पहल के माध्यम से 1 मिलियन लोगों तक एआई और उन्नत तकनीकों पर प्रशिक्षण पहुंचाया। इस पहल के तहत आयोजित ऑनलाइन जनरेटिव एआई हैकथॉन में 53,000 कर्मचारियों ने 30,000 से अधिक प्रोटोटाइप परियोजनाएं तैयार कीं, जिससे गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड भी प्राप्त हुआ। कुमार ने ब्लूबोल्ट कार्यक्रम जैसी पहलें शुरू कर संगठन में नवाचार और सहयोग को बढ़ावा दिया। इसके साथ ही, वह कई वैश्विक और राष्ट्रीय मंचों पर एआई और तकनीकी नेतृत्व के लिए सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

## ईस्टर्न रेलवे भारत स्काउट्स एंड गाइड्स ने राज्य स्तरीय रक्तदान शिविर और पुरस्कार समारोह किया आयोजित



**कोलकाता, समाज्ञा :** ईस्टर्न रेलवे भारत स्काउट्स एंड गाइड्स (ईआरबीएसजी) ने 28 अगस्त 2025 को राज्य स्तरीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर और भव्य पुरस्कार समारोह का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल सामुदायिक सेवा की भावना को बढ़ावा देना था, बल्कि संगठन के सदस्यों के उत्कृष्ट योगदानों को मान्यता देना भी था। कार्यक्रम में सदस्यों और स्वयंसेवकों की उत्साही भागीदारी रही और कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का उद्घाटन जरीना फिरदौसी, प्रिंसिपल चीफ पर्सनेल ऑफिसर/ईस्टर्न रेलवे एवं राज्य प्रमुख आयुक्त, ईआरबीएसजी द्वारा किया गया। उन्होंने इस पुण्य प्रयास की शुरुआत करते हुए हीरख पंख, चतुर्थ चरण, लॉन्ग सर्विस डेकोरेशन और स्टेट चीफ कमिश्नर शील्ड जैसे प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किए। प्रेरक उदाहरण पेश करते हुए, श्रीमती फिरदौसी ने स्वयं भी रक्तदान किया, जिससे स्वैच्छिक सेवा की भावना को बल मिला। इसस स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में कुल 30 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जो ईआरबीएसजी सदस्यों और स्वयंसेवकों की मानवीय सेवा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कार्यक्रम की गरिमा को जे.पी. कुसुमाकर, मनोज कुमार और शिबराम माझी की उपस्थिति ने और बढ़ाया।

## हावड़ा स्टेशन से 58.5 किलो गांजा बरामद, आरपीएफ ने आरोपी को किया गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के नेटवर्क के माध्यम से नशीली दवाओं की तस्करी रोकने के प्रयासों के तहत आरपीएफ ने ऑपरेशन नारकोस के अंतर्गत जांच अभियान चलाया। इसी के तहत 29 जुलाई को हावड़ा डिवीजन के आरपीएफ और सीआईबी हावड़ा के अधिकारियों ने हावड़ा रेलवे स्टेशन के पुराने कॉम्प्लेक्स से 58.5 किलो गांजा बरामद किया और एक आरोपी को गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई से समाज को इस प्रकार के प्रतिबंधित पदार्थों के हानिकारक प्रभावों से सुरक्षा मिली। गिरफ्तार व्यक्ति और जब्त नशीली दवाओं को जीआरपीएस/हावड़ा को सौंपा गया, जहां उसे नारकोटिक ड्रग्स और एनडीपीएस अधिनियम की प्रासंगिक धाराओं के तहत कार्रवाई की गई। आरपीएफ की यह पहल पूर्व रेलवे के माध्यम से नशीली दवाओं की तस्करी रोकने और यात्री सुरक्षा सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।



### राधे श्याम जयसवाल को सह सहमति से दुर्गा पूजा- 2025 का चुना गया अध्यक्ष

## हावड़ा मंडल ने पंड्रोल क्लिप लगाने और हटाने के लिए पोर्टेबल उपकरण किया तैयार



**कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा मंडल के यांत्रिक विभाग ने 29 अगस्त को ट्रैक रखरखाव की सुरक्षा और दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से एक पोर्टेबल पंड्रोल क्लिप ओपनिंग एवं फिटिंग गैजेट विकसित किया है। यह उपकरण इंजीनियरिंग विभाग की लंबे समय से चली आ रही मांग का समाधान है, जिसमें पारंपरिक पद्धति से पंड्रोल क्लिप लगाने और निकालने के कार्य को सुरक्षित और आसान बनाने की आवश्यकता थी। इस नए गैजेट का पी वे कर्मचारियों के साथ फील्ड परीक्षण सफल रहा और इसे वास्तविक परिस्थितियों में प्रभावी पाया गया। इसके प्रमुख लाभों में पंड्रोल क्लिप लगाने और हटाने की तेज प्रक्रिया, कर्मचारियों के श्रम में कमी, क्लिप और स्लीपर को नुकसान से बचाव और मैनुअल हथौड़ा चलाने के जोखिम में कमी शामिल हैं। यह स्वदेशी गैजेट हावड़ा मंडल की नवाचार, कर्मचारियों के कल्याण और परिचालन उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इस पहल से भारतीय रेल के आधुनिकीकरण और सुरक्षा बढ़ाने के मिशन को भी बल मिलेगा।

## पूजा से पहले बनेगा 'दुर्गांगन', हिडको के साथ मुख्य सचिव की बैठक

**कोलकाता, समाज्ञा**

राज्य में कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) फंड की मदद से एक भव्य 'दुर्गांगन' का निर्माण किया जाएगा। शनिवार को नवान्न में इस विषय पर हिडको और पर्यटन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की अध्यक्षता की मुख्य सचिव ने। नवान्न सूत्रों के अनुसार, इसी बैठक में इस निर्णय पर अंतिम मुहर लगाई गई।

न्यूटाउन क्षेत्र में 'दुर्गांगन' के निर्माण के लिए भूमि पहले ही चिह्नित कर ली गई है। इस दुर्गांगन में एक संग्रहालय (म्यूज़ियम) भी होगा, जहाँ दुर्गा पूजा से संबंधित महत्वपूर्ण वस्तुएँ और धरोहरें प्रदर्शित की जाएंगी। इसके साथ ही शोध कार्य के लिए आवश्यक जानकारी और दस्तावेज़ों का भंडार भी उपलब्ध रहेगा।

नवान्न सूत्रों के मुताबिक, राज्य सरकार का उद्देश्य है कि यह दुर्गांगन न सिर्फ दुर्गा पूजा की सांस्कृतिक विरासत को सहेजे, बल्कि शोध, पर्यटन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान का भी एक बड़ा केंद्र बने।

न जायते म्रियते वा कदाचि-न्नायं भूत्वा भविता वा न भूयः।
अजो नित्यः शाश्वतोऽयं पुराणो न हन्यते हन्यमाने शरीरे।।

बड़े दुःख के साथ सूचित किया जा रहा है हमारे पूज्यनीय

# श्री भानीराम सुरेका

02.11.1940 - 24.08.2025

(सुपुत्रः स्वर्गीय श्री नंदलालजी सुरेका)

का देहावसान दिनांक 24.08.2025, रविवार को हो गया है।


आप हम सब के जीवन में प्रेरणा स्रोत बनकर सदैव विद्यमान रहेंगे।

प्रार्थना सभा-

आज रविवार 31.08.2025 | 2.30pm - 5.30pm

द बालीगंज मैदान

गुरुसदय रोड, (बिरला म्यूजियम के सामने) कोलकत्ता-700019



श्री भानीराम सुरेका

शोकाकुल परिवार-

बिमला देवी सुरेका (धर्मपत्नी)
विश्वनाथ सुरेका (अनुज)
श्रीप्रकाश, अरुण, विमल, विष्णु, विशाल (भतीजे)
सुशील चौधरी, प्रमोद सराफ, प्रदीप सराफ,
रवि मोदी, अमित मोदी (भांजा)

श्रवण-कृष्णा, संजय-राशि, अनूप-रिंकू (पुत्र-पुत्रवधू)
अनीता-संजय आर्य (पुत्री-दामाद)
आदर्श-देविका, प्रत्यक्ष-आंचल (पौत्र-पौत्रवधू)
अंशुमन (पौत्र), अनुष्का-आयुश गुप्ता (पौत्री-दामाद)
श्रेष्ठ आर्य (नाती), न्यासा, नव्या (पोती)
एवं सुरेका परिवार

## न्यूज इन ब्रीफ

### ‘अपशब्दों’ के लिए माफी के बजाय मामले का राजनीतिकरण कर रहे हैं कांग्रेस के नेता: हिमंत

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस एवं उसके नेता राहुल गांधी बिहार में वोटर अधिकार यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ कहे गए कथित ‘‘अपशब्दों’’ के लिए माफी मांगने के बजाय मामले का ‘‘राजनीतिकरण’’ करने की कोशिश कर रहे हैं। दरभंगा शहर में यात्रा के लिए बनाये गए मंच से एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा मोदी के लिए ‘‘अपशब्द’’ कहने का कथित वीडियो सामने आने के बाद से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता कांग्रेस पर निशाना साध रहे हैं। राहुल गांधी, उनकी बहन प्रियंका गांधी वाद्रा और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव दरभंगा शहर से बुधवार को मोटरसाइकिल से मुजफ्फरपुर रवाना हुए थे।

### वैष्णो देवी यात्रा पांचवें दिन भी स्थगित,बारीदार समुदाय के लोगों का श्राइन बोर्ड के खिलाफ प्रदर्शन

**कटरा/जम्मू :** बारीदार समुदाय के सदस्यों के एक समूह ने शनिवार को श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड (एसएमवीडीएसबी) के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और रियासी जिले में मंदिर जाने वाले पुराने मार्ग पर हाल ही में हुए भूस्खलन की घटना की निष्पक्ष जांच की मांग की। इस भूस्खलन में 34 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई और 20 अन्य लोग घायल हुए थे। वैष्णो देवी तीर्थयात्रा शनिवार को लगातार पांचवें दिन भी स्थगित रही, जिससे सैकड़ों तीर्थयात्री कटरा में ही फंस गए। हाल ही में हुई भारी बारिश के बाद सड़क और रेल मार्ग से कटरा का संपर्क टूट गया है। बारीदार समुदाय में वैष्णो देवी मंदिर से जुड़े पुजारियों के परिवार शामिल हैं।

# मोदी ने 16 जापानी गवर्नर के साथ बैठक की

## सहयोग बढ़ाए जाने का आह्वान किया





जापानी पीएम के साथ मोदी ने की बुलेट ट्रेन में सवारी

**तोक्यो :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को तोक्यो में जापान के 16 प्रांतों के गवर्नर से मुलाकात की और भारत-जापान विशेष रणनीतिक एवं वैश्विक साझेदारी के तहत ‘राज्य-प्रांत सहयोग’ को मजबूत किए जाने का आह्वान किया। जापान के विदेश मंत्रालय (एमईए) ने एक बयान में यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच ‘एक्स’ पर लिखा, ‘‘तोक्यो में आज सुबह जापान के 16 प्रांतों के गवर्नर के साथ बातचीत की। राज्य-प्रांत सहयोग भारत-जापान मैत्री का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। यही कारण है कि कल 15वें वार्षिक भारत-जापान शिखर सम्मेलन के दौरान इस पर अलग से एक पहल की गई।’’ उन्होंने कहा, ‘‘व्यापार, नवोन्मेष, उद्यमिता आदि क्षेत्रों में सहयोग की अपार संभावनाएं हैं। ‘स्टार्टअप’, प्रौद्योगिकी और एआई (कृत्रिम मेधा) जैसे भविष्योन्मुखी क्षेत्र भी लाभकारी हो सकते हैं।’’ विदेश मंत्रालय ने भी मोदी एवं जापानी प्रांतों के गवर्नर के बीच बातचीत की विस्तृत जानकारी देते हुए सोशल मीडिया मंच ‘एक्स’ पर लिखा, ‘‘भारत-जापान के मजबूत संबंधों को और सुदृढ़ करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तोक्यो में 16 प्रांतों के गवर्नर से मुलाकात की।’’ उसने बताया कि प्रधानमंत्री ने भारत के राज्यों और जापान के प्रांतों के बीच सहयोग की संभावनाओं पर प्रकाश डाला और साझा प्रगति के लिए 15वें भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन के दौरान इस संबंध में शुरू की गई राज्य-प्रांत साझेदारी पहल के तहत कदम उठाए जाने का आग्रह किया। मंत्रालय ने बताया कि चर्चा में प्रौद्योगिकी, नवोन्मेष, निवेश, कौशल, ‘स्टार्ट-अप’ और लघु एवं मध्यम उद्यमों के क्षेत्र में भारतीय राज्यों एवं जापानी प्रांतों के बीच बढ़ती साझेदारी को और गहरा करने के तरीकों पर ध्यान केंद्रित किया गया।

### मोदी ने जापान के प्रधानमंत्री को उपहार में दीं चांदी की चॉपस्टिक एवं कीमती रत्न से बनीं कटोरियां

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने जापानी समकक्ष शिगेरू इशिबा को चांदी की चॉपस्टिक और कीमती रत्न से बनीं रेमन कटोरियां उपहार में दी हैं। मोदी ने जापान की अपनी यात्रा के दौरान इशिबा की पत्नी को कागज की लुगदी (पेपियर माचे) से बने एक डिब्बे में पश्मीना शॉल भेंट की। अधिकारियों ने बताया कि प्राचीन कीमती रत्न से बनीं ये कटोरियां और चांदी की चॉपस्टिक भारतीय कला एवं जापानी पाक कला की परंपरा का एक अनूठा मिश्रण हैं। उन्होंने बताया कि ‘मूनस्टोन’ (चंद्रमणि) से बनीं चार छोटी कटोरियों के साथ भूरे रंग का कटोरा और चांदी की चॉपस्टिक जापान की डोनबुरी और सोबा परंपरा से प्रेरित हैं। आंध्र प्रदेश से लाई गई यह चमकदार चंद्रमणि प्रेम, संतुलन एवं सुरक्षा का प्रतीक है जबकि मुख्य कटोरे का आधार मकराना संगमरमर है जिसमें राजस्थान की पारंपरिक पर्चिनकारी शैली में अर्ध-कीमती रत्न जड़े हुए हैं। उन्होंने बताया कि लद्दाख की चांगथांगी बकरी के महीन ऊन से बनी पश्मीना शॉल हल्की, मुलायम और गर्म होने के कारण दुनिया भर में पसंद की जाती है।

### केंद्र ऑनलाइन गेमिंग अधिनियम-2025 के खिलाफ याचिका पर जवाब दाखिल करे : कर्नाटक उच्च न्यायालय

**बेंगलुरु :** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन और विनियमन अधिनियम-2025 के खिलाफ दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए शनिवार को केंद्र से जवाब तलब किया। याचिकाकर्ता ने अधिनियम को चुनौती देते हुए दलील दी है कि इससे रातोंरात हजारों लोगों की आजीविका खत्म होने का खतरा है। न्यायमूर्ति बी एम श्याम प्रसाद ने मामले की सुनवाई करते हुए केंद्र को अपना जवाब दाखिल करने के लिए समय दिया। इसी के साथ याचिकाकर्ताओं को अधिनियम के क्रियान्वयन पर अंतरिम रोक लगाने की उनकी याचिका के समर्थन में विस्तृत दलीलें भी रखने की अनुमति दे दी। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता ने दलील दी कि अधिनियम को राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई है, लेकिन इसे अब तक अधिसूचित नहीं किया गया है। उन्होंने दलील दी कि तत्काल कार्यान्वयन से उद्योग को भारी झटका लगेगा।

# आधुनिक युद्ध के लिए ड्रोन महत्वपूर्ण, नीति का हिस्सा बनाने की आवश्यकता: राजनाथ सिंह


**नोएडा :** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को ड्रोन को आधुनिक युद्ध रणनीति के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए उन्हें युद्ध नीति में शामिल करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा, ‘‘आमतौर पर जब हम ’एयरक्राफ्ट’ शब्द सुनते हैं, तो हमारे दिमाग में तेजस, राफेल और लड़ाकू विमानों की तस्वीरें आती हैं। यह स्वाभाविक भी है, क्योंकि ये सभी लड़ाकू विमान हैं। हालांकि, आज के बदलते समय में, ड्रोन इस क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण शक्ति के रूप में उभरे हैं। ड्रोन अब उन क्षेत्रों में भी तैनात किए जा रहे हैं, जहां बड़े उपकरण नहीं पहुंच सकते।’’ सिंह ने कहा,



‘‘यदि आप रूस-यूक्रेन संघर्ष को करीब से देखें, तो आप पाएंगे कि ड्रोन का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया गया है - पहले भी, अब भी और लगातार भी। इससे साबित होता है कि ड्रोन के महत्व को समझना और उन्हें हमारी युद्ध नीति में शामिल करना बेहद जरूरी हो गया है।’’ वह नोएडा में राफे एमफाइबर प्राइवेट लिमिटेड के रक्षा उपकरण और इंजन परीक्षण केंद्र के उद्घाटन के अवसर पर बोल रहे थे। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उपस्थित थे। सिंह ने निजी इकाई का उद्घाटन करने के बाद कहा, आज यहां आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण की एक सशक्त झलक देखने को मिली। ड्रोन के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए सिंह ने कहा कि शुरुआती दिनों में इनका इस्तेमाल केवल निगरानी और टोह लेने के लिए किया जाता था।

# एएआई के वरिष्ठ प्रबंधक 232 करोड़ रुपये निजी खाते में जमा कराने के आरोप में गिरफ्तार

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण (एएआई) के एक वरिष्ठ प्रबंधक को 232 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि को व्यापारिक उद्देश्यों के लिए अपने निजी खाते में जमा कराने के आरोप में गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि एएआई के वरिष्ठ प्रबंधक (वित्त एवं लेखा) राहुल विजय ने देहरादून हवाई अड्डे पर अपनी तैनाती के दौरान तीन वर्षों में फर्जी लेखा प्रविष्टियों के एक जटिल जाल के माध्यम से धन



अंतरण की साजिश रची। सीबीआई प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि विजय ने आधिकारिक और इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड में हेरफेर करके एएआई की राशि का व्यवस्थित रूप से अपने निजी खाते में अंतरण किया। बयान के मुताबिक, जांच के दौरान यह सामने आया कि 2019-20 से 2022-23 की अवधि में, देहरादून हवाई अड्डे पर तैनाती के दौरान, आरोपी ने फर्जी और काल्पनिक संपत्तियां बनाकर और कुछ संपत्तियों के मूल्यों को बढ़ाकर इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड में हेरफेर किया, जिसमें प्रविष्टियों में शून्य जोड़ना भी शामिल था, ताकि नियमित जांच से बचा जा सके। बयान के अनुसार, बैंक लेन-देन के प्रारंभिक विश्लेषण में केंद्रीय जांच एजेंसी ने पाया कि इस तरह से जमा की गई धनराशि को आरोपी ने ट्रेडिंग खातों में स्थानांतरित कर दिया, जिससे सार्वजनिक धन की हेराफेरी हुई।

# डीजीपी और बीएसएफ एडीजी ने जम्मू बाढ़ के बाद भारत-पाक सीमा पर सुरक्षा की समीक्षा की

**जम्मू :** जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नलिन प्रभात और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के पश्चिमी कमान के एडीजी एस एस खंडारे ने जम्मू क्षेत्र में अचानक आई बाढ़ के बाद भारत-पाकिस्तान सीमा पर सुरक्षा की अलग-अलग समीक्षा की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। कठुआ और जम्मू जिलों में अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) पर दोनों अधिकारियों का दौरा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की संभावित यात्रा से



एक दिन पहले हुआ है। शाह इस सप्ताह के शुरू में हुई रिकॉर्ड बारिश के बाद की स्थिति का जायजा लेने के लिए क्षेत्र का दौरा करेंगे।

# राज्य स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत शहरों में ‘दृश्यमान स्वच्छता’ को प्राथमिकता दें : केंद्र

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय ने राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों को स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 के तहत शहरों में ‘दिखाई पड़ने वाली स्वच्छता’ को प्राथमिकता देने और स्वच्छता लक्ष्य इकाइयों (सीटीयू) के कायाकल्प में तेजी लाने का निर्देश दिया है। शनिवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान के मुताबिक, केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय वर्चुअल बैठक में मंत्रालय ने जोर देकर कहा कि पुराने कचरा डंपिग स्थलों सहित उपेक्षित एवं जटिल स्थानों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए और एक निश्चित समय सीमा के भीतर उनका कायाकल्प किया जाना चाहिए। बयान के अनुसार, बैठक में मनोहर लाल ने कहा कि स्वच्छता और शहरी विकास एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि शहरी कायाकल्प के लिए सीटीयू को बदलाव के इंजन के रूप में काम करना चाहिए। मंत्रालय ने बताया कि 2024 में ‘स्वच्छता ही सेवा’ अभियान के दौरान आठ लाख से अधिक सीटीयू का कायाकल्प किया गया।

### वैष्णोदवी यात्रा मार्ग पर भूस्खलन के कारण मर गये छह तीर्थयात्रियों का किया गया अंतिम संस्कार

**मुजफ्फरनगर (उप्र) :** मुजफ्फरनगर जिले में वैष्णोदेवी के छह तीर्थयात्रियों के पार्थिव शरीर शुक्रवार देर रात यहां लाये गये। उनकी हाल में वैष्णो देवी मंदिर मार्ग पर भूस्खलन में मृत्यु हो गई थी। उनके पार्थिव शरीर शुक्रवार देर रात यहां लाये गये और शनिवार को उनका अंतिम संस्कार किया गया। उत्तर प्रदेश के मंत्री अनिल कुमार, कपिल देव अग्रवाल, मुजफ्फरनगर से लोकसभा सदस्य हरेंद्र मलिक, बिजनौर से लोकसभा सदस्य चंदन सिंह चौहान, वरिष्ठ सपा नेता कादिर राणा और भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। पूर्व सांसद कादिर राणा भी रामपुरी इलाके में इन तीर्थयात्रियों के अंतिम संस्कार में पहुंचे। पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि भूस्खलन में जान गंवाने वाले छह तीर्थयात्रियों में रामवीरी (48), अंजलि (22), ममता देवी (45), आकांक्षा (23) और दो नाबालिग भाई अनंत (9) और दीपेश (8) शामिल हैं, जो मुजफ्फरनगर के रामपुरी इलाके के निवासी थे। इससे पहले अधिकारियों ने बुधवार को बताया था कि वैष्णो देवी मंदिर के मार्ग पर भूस्खलन होने से उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले के एक तीर्थयात्री की मौत हो गयी और उसके परिवार के पांच सदस्य घायल हो गए थे। इस तीर्थयात्री के चाचा बाबूराम के अनुसार मंगलवार को कार्तिक कश्यप (22) मंदिर से लौट रहे तीर्थयात्रियों के एक समूह का हिस्सा था और भूस्खलन में उसकी मौत हो गयी। उसके पिता मिंटू कश्यप समेत उनके परिवार के पांच सदस्य घायल हो गए।

### त्योहारी सीजन से पहले शॉप्सी लेकर आया ‘ग्रैंड शॉप्सी मेला’

**कोलकाता :** फ्लिपकार्ट के शॉप्सी ने त्योहारी खरीदारी के लिए अपनी सबसे बड़ी सेल ‘ग्रैंड शॉप्सी मेला’ (जीएसएम) की घोषणा की है। यह सेल 29 अगस्त से 7 सितंबर तक चलेगी। कंपनी ने बताया कि इस सेल में 1 करोड़ से अधिक उत्पाद 149 रुपये से कम कीमत में उपलब्ध होंगे, जिनमें फैशन, लाइफस्टाइल, घरेलू सामान और ब्यूटी प्रोडक्ट्स शामिल हैं। पूरे दिन ग्राहकों को ग्रैंड झटपट डील्स, स्टील डील्स, जैकपॉट डील्स और क्रेज़ी ऑफर्स मिलेंगे। शॉप्सी के बिजनेस हेड कपिल थिरानी ने कहा कि यह मेला छोटे शहरों के ग्राहकों और दुकानदारों के लिए किफायती खरीदारी और नए अवसर लेकर आया है। उन्होंने बताया कि इस बार ग्राहकों को बेडशीट्स 150 रुपये, ड्रेसेज़ 99 रुपये और पुरुषों के कुर्ते 150 रुपये में मिलेंगे। त्योहारी खरीदारी को यादगार बनाने के लिए शॉप्सी ने क्लियरट्रिप के साथ मिलकर एक कॉन्टेस्ट भी शुरू किया है, जिसमें विजेताओं को फ्री ट्रैवल पैकेज और फ्लाइट वाउचर जीतने का मौका मिलेगा।

### फ्लिपकार्ट ने त्योहारी सीजन से पहले सप्लाई चेन को दी मजबूती, 2.2 लाख रोजगार सृजित

**दुर्गापुर :** ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट ने त्योहारी सीजन से पहले देशभर में अपने सप्लाई चेन इन्फ्रास्ट्रक्चर का विस्तार किया है। कंपनी ने वाराणसी, पटना, मानेसर, रांची, गाजियाबाद, आगरा और अगरतला समेत कई शहरों में नए फुलफिलमेंट सेंटर और लास्ट माइल हब स्थापित किए हैं। फ्लिपकार्ट ने बताया कि इस साल 35 लाख वर्ग फीट के विस्तार से उसका नेटवर्क 21,000 से ज्यादा पिनकोड को कवर कर सकेगा। कंपनी ने 19 शहरों में 400 माइक्रो फुलफिलमेंट सेंटर भी शुरू किए हैं, जिससे ग्राहकों को तेज डिलीवरी मिलेगी। त्योहारी सीजन की मांग को देखते हुए फ्लिपकार्ट ने वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक्स में 2.2 लाख सीजनल रोजगार के अवसर भी सृजित किए हैं। इनमें महिलाओं, दिव्यांगजनों और पहली बार नौकरी तलाश रहे युवाओं पर विशेष ध्यान दिया गया है। फ्लिपकार्ट ग्रुप के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट हेमंत बद्री ने कहा कि विस्तारित सप्लाई चेन नेटवर्क से ग्राहकों तक तेजी से सामान पहुंचाने के साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था और रोजगार को भी मजबूती मिलेगी।

## 78 साल का इंतजार खत्म, मिजोरम की दुर्गम व सुदूरवर्ती पहाड़ियों में अब जल्द गूंजेगी ट्रेन की सीटियां

# आजादी के बाद पहली बार रेल नेटवर्क से जुड़ने को तैयार मिजोरम

चंदन कुमार राय

- देश के रेल मैंप पर उपस्थिति दर्ज कराएगा आइजोल
- मिजोरम की दुर्गम पहाड़ियों के बीच 51.38 किलोमीटर रूट पर दौड़ेगी ट्रेन
- प्रधानमंत्री मोदी 13 सितंबर को करेंगे इस महत्वाकांक्षी रेल नेटवर्क का उद्घाटन


सुरंग के प्रवेश द्वार पर चित्रकला के माध्यम से राज्य के परंपरा व सांस्कृत को दर्शाया गया


मिजोरम में देश का दूसरा सबसे ऊंचा रेल ब्रिज बनकर तैयार



आइजोल में स्थित रेलवे स्टेशन बइरबी

**आइजोल ,समाज्ञा :** पूर्वोत्तर के राज्य मिजोरम की सुदूरवर्ती पहाड़ियों में पहली बार ट्रेन की सीटी जल्द गूंजेगी यहां की कई पीढ़ियों ने ट्रेनों को अब तक सिर्फ तस्वीरों में या फिल्मों देखा था अब वो खुद अपनी सरजमीं पर चलती ट्रेन देख सकेंगे और इसमें सफर का आनंद उठा सकेंगे। ये सिर्फ कनेक्टिविटी नहीं, बल्कि एक सपना पूरा होने जैसा है। भारत की आखिरी सीमाओं तक अब रेल पहुंच रही है और इसके साथ जुड़ रही है ढेर सारी उम्मीदें, रोजगार और विकास की एक नई रफ्तार। मिजोरम के लोगों का 78 साल का इंतजार अब जल्द ही खत्म होने वाला है, जब आजादी के करीब आठ दशक बाद पहली बार राज्य की राजधानी आइजोल रेल नेटवर्क से जुड़ने को तैयार है। केंद्र की मोदी सरकार आइजोल को रेल कनेक्टिविटी की सौगात देने जा रही है। इसके लिए बैराबी सैरांग रेलवे लाइन का काम पूरा हो चुका है, जो सबसे दुर्गम इलाकों से होकर गुजरती है। मिजोरम की दुर्गम पहाड़ियों के बीच 51.38 किलोमीटर रूट पर ट्रेन दौड़ेगी, जो कई वर्षों के कठिन परिश्रम व प्रयास के बाद बनकर पूरी तरह तैयार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 सितंबर को आइजोल को जोड़ने वाले इस महत्वाकांक्षी रेल नेटवर्क परियोजना का उद्घाटन करेंगे। जिसके बाद देश के रेल मैप से आइजोल जुड़ जाएगा।

### कुतुब मीनार से भी ऊंचा है ब्रिज

सबसे खास बात ये है कि इस दुर्गम क्षेत्र में नवनिर्मित एक ब्रिज की ऊंचाई दिल्ली की सबसे ऊंची कुतुब मीनार से भी ज्यादा है। यह देश का दूसरा सबसे ऊंचा रेल ब्रिज है। ब्रिज की ऊंचाई 114 मीटर है, जबकि कुतुब मीनार 72.5 मीटर ही ऊंची है। इस नवनिर्मित रेल खंड पर ट्रेनों की स्पीड भी 110 किलोमीटर प्रति घंटा होगी। यह रेल लाइन बन जाने से बैराबी से आइजोल तक पहुंचने में अब सिर्फ एक से डेढ़ घंटा ही लगेगा। जबकि, पहले 5 से 6 घंटे खर्च होते थे। वहां के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

### पीएम मोदी ने 2014 में किया था इस रेल परियोजना का शिलान्यास

बता दें की 2008-09 में इसे नेशनल प्रोजेक्ट का दर्जा मिला था। केंद्र की सत्ता में आने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 में इस रेल परियोजना का शिलान्यास किया था और रेलवे की 11 साल की कोशिश के बाद अब वहां ट्रेन सेवा पहुंचाने के कार्य में सफलता मिली है। भारत- म्यांमार बॉर्डर के पास इस सूदूर क्षेत्र में मिजोरम की राजधानी आइजोल तक ट्रेन पहुंचना पूर्वोत्तर के लिए एक नई सुबह जैसी होगी।

### बेहद मुश्किलों से भरा रहा है यह प्रोजेक्ट

इस रेलवे लाइन पर बनाए गए पुलों के चारों ओर घना जंगल है। इसके अलावा ये सबसे नजदीकी राजमार्ग से भी बहुत दूर है, जहां से यहां तक पहुंचना बेहद कठिन था। क्योंकि दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र में खड़ी और संकरी सड़कें भूस्खलन के कारण अक्सर क्षतिग्रस्त हो जाया करती थीं, जिसके चलते यहां तक निर्माण सामग्री और मशीनरी लाना बहुत मुश्किल था। ये सभी पुल ऐसी तकनीकों से डिजाइन किया गया है कि यह पुल कम से कम 100 साल तक बिना किसी दिक्कत और खराबी के चलाया जा सके। यह क्षेत्र अर्थक्केक (भूकंप) जोन 5 में आता है, मगर आईआईटी कानपुर और आईआईटी गुवाहाटी की मदद से इस रेल लाइन को तकनीकी रूप से बेहद मजबूत और टिकाऊ बनाया गया है।

### आइजोल को सिलचर से जोड़ेगी यह रेलवे लाइन

रेलवे अधिकारियों के मुताबिक, 51.38 किलोमीटर लंबी यह रेलवे लाइन परियोजना केंद्र की ‘एक्ट ईस्ट’ नीति का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य पूर्वोत्तर में संपर्क और आर्थिक एकीकरण को बढ़ावा देना है। नई रेलवे लाइन आइजोल को असम के सिलचर शहर और देश के बाकी हिस्सों से जोड़ेगी, जिससे मिजोरम पूरी तरह से देश के रेलवे मानचित्र में शामिल हो जाएगा। इंजीनियर इस रेलवे लाइन को एक अद्भुत उपलब्धि बता रहे हैं क्योंकि इस खंड में 12.8 किलोमीटर तक फैली 48 सुरंगें, 55 बड़े पुल और 87 छोटे पुल शामिल हैं। पुल संख्या 196 की ऊंचाई 114 मीटर है, जो कुतुब मीनार से भी ऊंचा है।

### परियोजना की खासियत

**कुल लंबाई:** 51.38 किलोमीटर.

**ट्रैक स्पीड:** 110 किलोमीटर प्रति घंटा

**स्टेशन:** (हार्तुकी, कौनपुई, मुलखांग और सैरांग)

**सुरंग:** 48 (कुल लंबाई 12.8 किमी)

**ब्रिज:** पांच रोड ओवरब्रिज और छह अंडरब्रिज, 55 बड़े और 87 छोटे ब्रिज

**सबसे ऊंचा ब्रिज:** नंबर 196, ऊंचाई 114 मीटर

### मिजोरम में बढ़ेगा पर्यटन, रोजगार के बनेंगे नए अवसर

अधिकारियों का कहना है कि कठिन भूभाग और रसद संबंधी चुनौतियों को ये नई रेल लाइन कम करेगी। रेल संपर्क में सुधार होगा। बेहतर परिवहन और सुगम्यता के माध्यम से मिजोरम के लोगों को सीधा फायदा मिलेगा। रेलवे नेटवर्क से जुड़ने से इस क्षेत्र का अब और तेजी से विकास हो सकेगा। पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। व्यावसायिक गतिविधियों और आर्थिक विकास को प्रोत्साहन मिलेगा। रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। छोटे व्यवसायों को भी बढ़ावा मिलेगा।

### सुरक्षा के नजरिए से ऐतिहासिक कदम

आइजोल तक पहली बार रेलवे ट्रैक पहुंचना न सिर्फ पूर्वोत्तर के विकास के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है बल्कि यह भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति का भी अहम हिस्सा माना जा रहा है। करीब 230 किलोमीटर दूर म्यांमार बॉर्डर तक रेल ट्रैक विस्तार की योजना के साथ, यह इलाका अब रणनीतिक दृष्टि से पहले से कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण हो गया है। बता दें कि उत्तर-पूर्वी राज्यों में फैली चुनौतियों और सीमा-पार गतिविधियों के मद्देनजर, आइजोल तक रेलवे का पहुंचना न सिर्फ आम यात्रियों की सुविधा बढ़ेगी, बल्कि देश की सामरिक स्थितियों को भी मजबूत करेगा।

# जूनियर विश्व कप के लिए भारत आएगा पाकिस्तान: हॉकी इंडिया



**राजगीर (बिहार) :** हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने शनिवार को पुष्टि की कि पाकिस्तान इस साल के अंत में एफआईएच जूनियर विश्व कप में भाग लेने के लिए भारत आएगा। दोनों देशों के बीच सैन्य संघर्ष के बाद सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए पाकिस्तान ने बिहार में चल रहे एशिया कप से हटने का फैसला किया। इससे यह संदेह पैदा हो गया था कि पाकिस्तान नवंबर-दिसंबर में चेन्नई और मदुरै में होने वाले जूनियर विश्व कप में भाग लेगा या नहीं। भोलानाथ ने कहा, 'पाकिस्तानी टीम जूनियर विश्व कप के लिए भारत आ रही है। उन्होंने कल रात हमें इसकी पुष्टि की। एशिया कप से हटने के बाद मैंने उनसे उनकी उपलब्धता के बारे में पूछा था।' उन्होंने कहा कि टूर्नामेंट की तैयारियां 'अंतिम चरण' में हैं। भोलानाथ ने कहा, '24 देशों में से हमें 23 देशों की सूची मिल गई है। सिर्फ पाकिस्तान ही बचा है जिसकी सूची हमें एक-दो दिन में मिलने की उम्मीद है।' भारत सरकार ने हाल में एक नीति बनाई है कि वह पाकिस्तान के साथ कोई द्विपक्षीय खेल संबंध नहीं रखेंगे लेकिन भारत की टीमों को बहुराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पाकिस्तान के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने से नहीं रोका जाएगा। भोलानाथ ने कहा, 'मैं इस बारे में पूरी तरह स्पष्ट हूं कि ओलंपिक चार्टर हमें जो भी निर्देश देगा, सरकार और हॉकी इंडिया उसका पालन करेंगे और उसे पूरा करेंगे। भारत सरकार इस बारे में भी स्पष्ट है कि पाकिस्तान किसी भी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भारत के खिलाफ खेल सकता है।' उन्होंने कहा, 'सरकार ने उनके वीजा को भी मंजूरी दे दी लेकिन अब पाकिस्तान क्यों नहीं आया, यह तो केवल वे ही जानते हैं।' हॉकी इंडिया के शीर्ष अधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि एफआईएच प्रो लीग एक अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट है और अगर जरूरत पड़ी तो भारतीय टीम पाकिस्तान के साथ खेलेगी। पाकिस्तान ने 2025-26 एफआईएच प्रो लीग में न्यूजीलैंड की जगह ले ली है।

## सात्विक-चिराग की जोड़ी सेमीफाइनल में, भारत के लिए पदक पक्का किया



**पेरिस :** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार भारतीय जोड़ी ने यहां पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के दो बार के ओलंपिक पदक विजेता आरोन चिया और सोह वूई यिक को हराकर विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप में भारत के लिए पदक सुनिश्चित किया। भारतीय जोड़ी पिछले साल पेरिस ओलंपिक में मलेशिया की इस जोड़ी से हार गई थी लेकिन शुक्रवार देर रात खेले गए मैच में वह इसका बदला लेने में सफल रही। सात्विक और चिराग की विश्व की तीसरे नंबर की जोड़ी ने 43 मिनट में 21-12, 21-19 से शानदार जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। चिराग ने मैच के बाद कहा, 'बहुत अच्छा लग रहा है। यह ओलंपिक जैसा ही मैच था। और मुझे लगता है कि आखिरकार हम कुछ हद तक बदला लेने में सफल रहे। यह वही कोर्ट था जिस पर ठीक एक साल पहले हम हार गए थे। मैं आज जीत हासिल करके वास्तव में बहुत खुश हूं।' सात्विक और चिराग ने 2022 में इस टूर्नामेंट में कांस्य पदक जीता था और इस तरह से उनका विश्व चैंपियनशिप में यह दूसरा पदक होगा। इससे 2011 में ज्वाला गुट्टा और अश्विनी पोनप्पा के कांस्य पदक जीतने के बाद से भारत का प्रत्येक विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतना भी सुनिश्चित हो गया। एशियाई खेलों के चैंपियन का अगला मुकाबला चीन की 11वीं वरीयता प्राप्त जोड़ी चेन बो यांग और लियू यी से होगा। यह पूछे जाने पर कि क्या चीनी टीम अंडरडॉग होगी, सात्विक ने कहा, 'बिल्कुल नहीं। सेमीफाइनल खेल रहे हैं, कोई अंडरडॉग नहीं है।'

## सिराज से बात कर 'बोरिंग टाइम' का भी लुत्फ उठाना सीख लिया है: अर्शदीप



**बेंगलुरु :** टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण के लंबे होते इंतजार के बीच तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने कहा कि साथी तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज के साथ बातचीत ने उन्हें इस उबाऊ दौर से उबरना और एशिया कप के लिए मानसिक रूप से तैयार होना सिखाया है। इंग्लैंड दौरे पर शुरुआती तीन टेस्ट में एकादश से बाहर रहने के बाद अर्शदीप के पास चौथे और पांचवें टेस्ट में पदार्पण का मौका था लेकिन बाएं अंगूठे की दुर्भाग्यपूर्ण चोट के कारण ऐसा नहीं हो सका। अर्शदीप ने यहां दलीप ट्रॉफी के इतर कहा, 'मैंने पिछले दो महीनों में मानसिक रूप सेउबाऊ समय का लुत्फ उठाना सीख लिया है। टेस्ट क्रिकेट या लाल गेंद के मैचों में एक समय ऐसा आता है जब आपका काम थोड़ा उबाऊ हो जाता है। जैसे लंच के बाद का सत्र जब गेंद से ज्यादा मदद नहीं मिलती है। तब आप उसका लुत्फ कैसे ले सकते हैं?' उत्तर क्षेत्र के लिए अच्छी गेंदबाजी करने के बावजूद बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज को पूर्वी क्षेत्र के खिलाफ अपना पहला विकेट लेने के लिए दूसरे दिन के आखिरी सत्र तक इंतजार करना पड़ा। अर्शदीप के लिए सिराज की सलाह पर अमल करने का यह एक बेहतरीन मौका था।

## हॉकी एशिया कप: जापान से निपटने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाना होगा भारत को



**राजगीर (बिहार) :** भारत पहले मैच के अपेक्षाकृत लचर प्रदर्शन को पीछे छोड़कर रविवार को यहां पुरुष एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में खतरनाक दिख रही जापान के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के इरादे से उतरेगा। विश्व में सातवें स्थान पर काबिज भारतीय टीम ने शुक्रवार को पूल ए के अपने पहले मैच में विश्व में 23वें नंबर की टीम चीन पर 4-3 से करीबी जीत हासिल की लेकिन उसका यह प्रदर्शन प्रभावशाली नहीं था। भारत इस टूर्नामेंट में सर्वोच्च रैंकिंग वाली टीम है और एशिया कप जीतने का प्रबल दावेदार है। इस टूर्नामेंट की विजेता टीम अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले विश्व कप के बीच सीधे क्वालीफाई करेगी। भारत ने चीन के खिलाफ शानदार शुरुआत की, लेकिन खेल आगे बढ़ने के साथ उसकी लय गड़बड़ा गई। भारतीय रक्षा पंक्ति को तेज तर्रार जापानी टीम के खिलाफ सतर्क रहना होगा, जिसने अपने पहले मैच में कजाकिस्तान के खिलाफ सात गोल दागे थे। चीन के खिलाफ भारत के सभी चार गोल पेनल्टी कॉर्नर से आए, जिसमें कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने हैट्रिक बनाई, लेकिन वह एक पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदलने से चूक गए थे। जुगराज सिंह, हरमनप्रीत, संजय और अमित रोहिदास जैसे चार ड्रैगफ्लिकर के साथ भारत को पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने की दर में भी सुधार करना होगा। भारतीय मध्य पंक्ति ने हालांकि अच्छा प्रदर्शन किया और कई मौके बनाए, लेकिन उसे इन अवसरों को गोल में बदलना होगा। भारत के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन भी अपने फॉरवर्ड खिलाड़ियों की गोल करने में असमर्थता को लेकर चिंतित होंगे। हालांकि मनदीप सिंह, संजय, दिलप्रीत सिंह और सुखजीत सिंह जैसे खिलाड़ी विपक्षी सर्कल के अंदर चुस्त दिखे, लेकिन वे स्कोरशीट में अपना नाम दर्ज कराने में असफल रहे। फुल्टन ने कहा, 'हमने (चीन के खिलाफ) मैच जीता लेकिन हम अपनी उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे। हमने कुछ मौके गंवाए और कुछ आसान गोल भी खाए। हम सर्वोच्च रैंकिंग वाली टीम हैं और यहां प्रबल दावेदार हैं, इसलिए हर टीम हमसे खेलने के लिए खुद को अच्छी तरह से तैयार करेगी और हमें उस चुनौती का सामना करना होगा।' भारतीय कप्तान हरमनप्रीत ने कहा, 'इस टूर्नामेंट में भाग ले रही अधिकतर टीम जवाबी हमला करने के लिए इंतजार करती हैं।

## मलेशिया ने कोरिया को 4-1 से हराया, बांग्लादेश ने चीनी ताइपे को 8-3 से रौंदा

**राजगीर (बिहार) :** कोरिया की एशिया कप खिताब बचाने की मुहिम को शनिवार को यहां मलेशिया से मिली 1-4 की करारी हार से करारा झटका लगा जबकि बांग्लादेश ने हॉकी टूर्नामेंट के पूल बी के अपने दूसरे मैच में चीनी ताइपे को 8-3 से रौंद दिया। दिन के दूसरे मैच में पांच बार की चैंपियन कोरिया ने दूसरे मिनट में ही जियोन्ह्यो जिन के मैदानी गोल से बढ़त बना ली। लेकिन मलेशिया ने अखिमुल्लाह अनवार (29वें, 34वें, 58वें) की हैट्रिक और अशरान हमसानी के मैदानी गोल दागकर शानदार वापसी कर कोरिया को हरा दिया। हालांकि विश्व रैंकिंग में मलेशिया (12वें) और कोरिया (13वें) के बीच सिर्फ एक पायदान का अंतर है। फिर भी कोरिया इस मुकाबले में प्रबल दावेदार मानी जा रही थी। दिन के पहले मैच में बांग्लादेश ने पूरी तरह से दबदबा बनाया और आखिरी दो क्वार्टर में पांच गोल दागे।

## गिल और रोहित का सीओई में बुमराह, जायसवाल, सुंदर के साथ फिटनेस टेस्ट होगा



**बेंगलुरु :** भारतीय टेस्ट कप्तान और टी20 उपकप्तान शुभमन गिल आगामी एशिया कप के लिए दुबई जाने से पहले फिटनेस आकलन और तैयारियों के लिए यहां बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) पहुंच गए हैं। एशिया कप के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने वाले खिलाड़ियों को नौ सितंबर को मेजबान संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच से पहले चार सितंबर को दुबई में इकट्ठा होना है। सीनियर बल्लेबाज रोहित शर्मा और तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज भी फिटनेस आकलन के लिए सीओई पहुंच गए हैं। फिटनेस की जांच रविवार से शुरू हो सकती है और सभी की निगाह एक दिवसीय टीम के कप्तान रोहित पर टिकी रहेगी जो टी20 और टेस्ट क्रिकेट से पहले ही संन्यास ले चुके हैं। यह 38 वर्षीय खिलाड़ी अक्टूबर में होने वाली वनडे श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा कर सकता है लेकिन यह देखना बाकी है कि वह कानपुर में ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ 30 सितंबर, तीन अक्टूबर और पांच अक्टूबर को होने वाले एकदिवसीय मैचों में खेलते हैं या नहीं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे श्रृंखला के मैच 19, 23 और 25 अक्टूबर को खेले जाएंगे। फ्लू के कारण गिल पूर्वी क्षेत्र के खिलाफ चल रहे दलीप ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में नहीं खेल पाए जहां उन्हें उत्तर क्षेत्र की कप्तानी करनी थी। गिल बेंगलुरु आने से पहले चंडीगढ़ स्थित अपने घर पर बीमारी से उबर रहे थे। यह संभव है कि गिल बेंगलुरु से दुबई के लिए उड़ान भरें, क्योंकि इस बार खिलाड़ी अपने-अपने स्थानों से सीधे दुबई पहुंचेंगे, जबकि पहले टीम यात्रा करने से पहले मुंबई में एकत्र होती थी।

## महक शर्मा ने रजत, लवप्रीत सिंह ने कांस्य पदक जीता

**अहमदाबाद :** भारत की महक शर्मा ने राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप के अंतिम दिन महिलाओं के 86 किग्रा से अधिक वर्ग में रजत पदक जीता, जबकि लवप्रीत सिंह ने पुरुषों के 110 किग्रा से अधिक वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया। महक ने कुल 253 किग्रा (स्नैच में 110 किग्रा और क्लीन एवं जर्क में 143 किग्रा) भार उठाकर वीर सावरकर खेल परिसर में दूसरा स्थान हासिल किया। सामोआ की इउनियारा सिपाया ने 261 किग्रा (स्नैच में 111 किग्रा और क्लीन एवं जर्क में 150 किग्रा) भार उठाकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता नाइजीरिया की मैरी ताइवो ओसिजो ने कुल 231 किग्रा (स्नैच में 103 किग्रा और क्लीन एवं जर्क में 128 किग्रा) भार उठाकर कांस्य पदक जीता। पुरुषों के 110 किग्रा से अधिक के वर्ग में लवप्रीत ने कुल 380 किग्रा (स्नैच में 175 किग्रा और क्लीन एवं जर्क में 205 किग्रा) भार उठाकर कांस्य पदक जीता। वे न्यूजीलैंड के डेविड लिटी (397 किग्रा; स्नैच में 177 किग्रा और क्लीन एवं जर्क में 220 किग्रा) से पीछे रहे। राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता सामोआ के सानेले माओ ने कुल 401 किग्रा (स्नैच में 181 किग्रा और क्लीन एवं जर्क में 220 किग्रा) भार उठाकर स्वर्ण पदक जीता। युवा पुरुषों के 94 किग्रा से अधिक के वर्ग में भारत के तुषार चौधरी ने दो कुल 285 किग्रा (125 किग्रा और 160 किग्रा) भार उठाकर पहला स्थान




वर्ष 10, पूर्णांक 3343 अंक 153, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in